Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi
Ranchi ● Sunday, 23 June 2024 ● Year : 02 ● Issue : 155 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

किसी भी व्यक्ति की योग्यता का आकलन इस बात से होता है कि आप जीवन की परिस्थितियों का सामना कैसे करते हैं।

Kriti Sanon Is A Bundle Of...

SHARE

सेंसेक्स	:	77,209.90
निफ्टी	:	23,501.10

SARAFA

सोना	:	6,770
चांदी	:	96.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

महिला की निर्मम हत्या नग्न अवस्था में मिली लाश

SAHIBGANJ : साहिबगंज में शनिवार सुबह लगभग 8 बजे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज मुस्लिम टोला के निकट गंगा घाट जाने वाले रास्ता से कुछ दूरी पर बीच खेत में एक महिला का नग्न अवस्था में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई, देखने से पता चलता है कि महिला की हत्या पत्थर से कुच कर किया गया है। ग्रामीण बताते हैं कि सुबह महिला लोग घास फूस लाने के लिए निकली थी तो बीच खेत में एक महिला का शव देखा ,इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह को सूचना दिया गया । थाना प्रभारी शशि सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेजवाया । महिला की पहचान रुकैया खातून के रूप में की गई है, जो नगर थाना क्षेत्र के हबीबपुर के मदरसा गली की रहने वाली बताई जा रही है। महिला साहिबगंज की रहने वाली है सवाल है कि नगर थाना क्षेत्र से लगभग 8 किलो मी दूर महादेवगंज दियारा इलाके में उनकी शव मिलने की वजह क्या है ।

अवैध रेत खनन मामले में सीबीआई का छापा

NEW DELHI : केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध रेत खनन के सिलसिले में शनिवार को राजस्थान में 10 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार समझा जाता है कि एजेंसी ने जयपुर, टोंक, जोधपुर, नागौर, भीलवाड़ा, करोली और सीकर में विभिन्न स्थानों पर तलाशी के दौरान 20 लाख रुपये से अधिक नकदी और एक देसी पिस्तौल जब्त की। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ के आदेश पर अवैध रेत खनन मामले की जांच अपने हाथ में ली है। पहले बूंदी पुलिस ने इस सिलसिले में मामला दर्ज किया था। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि पिछले साल 24 अक्टूबर को बिना वैध परमिट के पंजीकरण वाले एक डंपर से 40 मीट्रिक टन रेत की ढुलाई के दौरान शाहरुख को गिरफ्तार किया गया था।

ताइवान की आजादी मांगी तो मौत की सजा देगा चीन

NEW DELHI : चीन ने ाइवान की आजादी की मांग करने वाले लोगों को मौत की सजा की धमकी दी है। हालांकि चीन की इस धमकी को बेअसर माना जा रहा है क्योंकि ताइवान की आजादी की मांग चीन में नहीं होती है। ये मांगे ताइवान में होती हैं जहां चीनी अदालत के नियम नहीं चलते। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने शुक्रवार को ये नई गाइडलाइन जारी की। इसमें कहा गया है कि ताइवान की आजादी की मांग करने वाले नेताओं के कदम से यदि देश या जनता को किसी भी प्रकार का नुकसान होता है तो मौत की सजा दी जा सकती है।

बांग्लादेशी नागरिकों को भारत देगा ई-मेडिकल वीजा

AGENCY NEW DELHI : शनिवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद दोनों ने मीडिया को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि इलाज के लिए भारत आने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के लिए भारत ई-मेडिकल वीजा सुविधा शुरू करेगा। भारत देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के लोगों के लिए बांग्लादेश के रंगपुर में एक नया वाणिज्य दूतावास भी खोलेगा। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि दोनों नेताओं की पिछले एक साल में कई बार मुलाकात हुई है, उन्होंने कहा कि यह यात्रा इसलिए खास है क्योंकि पीएम शेख हसीना एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत की पहली राजकीय अतिथि हैं। भारत और बांग्लादेश ने रेलवे कनेक्टिविटी पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

पीएम व बांग्लादेश के प्रधानमंत्री हसीना के बीच हुए कई समझौते

- रंगपुर में एक नया वाणिज्य दूतावास भी खोलेगा भारत
- रेलवे कंडक्टिविटी पर हस्ताक्षर
- हसीना ने वीरों को अर्पित की श्रद्धांजलि

मुलाकात को बताया खास, तीसरे कार्यकाल की पहली अतिथि

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त प्रेस बयान जारी करते हुए कहा, हालांकि पिछले एक साल में हम 10 बार मिल चुके हैं, लेकिन आज की मुलाकात खास है क्योंकि शेख हसीना हमारे तीसरे कार्यकाल में हमारी पहली राजकीय अतिथि हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, पिछले एक साल में हम करीब 10 बार मिले हैं। लेकिन आज की मुलाकात इसलिए खास है क्योंकि प्रधानमंत्री शेख हसीना हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में हमारी पहली राजकीय अतिथि हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, बांग्लादेश हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी, एक्ट ईस्ट पॉलिसी, विजन सागर और इंडो-पैसिफिक विजन में हमारे साथ संगम रखता है। पिछले एक साल में हमने मिलकर लोक कल्याण की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी की हैं। दोनों देशों के बीच भारतीय रुपये में व्यापार शुरू हो गया है। भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा नदी पर दुनिया की सबसे लंबी रिवर क्रूज सफलतापूर्वक पूरी हो गई है।

राफा में इजरायल ने की बमबारी, 42 की चली गई जान, 50 जख्मी

NEW DELHI : इजरायल के सुरक्षाबलों ने गाजा के दक्षिणी शहर राफा के पास अल-मवासी में फिलिस्तीनियों के टेंट कैंप पर बमबारी की। इसमें कम से कम 42 लोग मारे गए हैं। गाजा गवर्नमेंट मीडिया ऑफिस ने अलजजीरा को ये जानकारी दी। इससे पहले फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया था कि इजराइली हमले में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है और 50 लोग घायल हैं। यह छोटे फिलिस्तीनी क्षेत्र में नया घातक हमला था, जहां इजराइल और हमास के बीच लड़ाई में सैकड़ों हजार लोग भाग गए हैं। राफा में सिविल डिफेंस फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स के प्रवक्ता अहमद रादवान के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने दो जगहों पर बमबारी की जानकारी दी। वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि मामले की समीक्षा की जा रही है।

झारखंड की 5 सहित 157 यूनिवर्सिटी को यूजीसी ने घोषित किया डिफॉल्टर

PHOTON NEWS TEAM : यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश के दर्जनों सरकारी और प्राइवेट विश्वविद्यालयों पर कड़ी कार्रवाई की है। झारखंड की 4 सरकारी व एक प्राइवेट सहित देश की 157 यूनिवर्सिटी को डिफॉल्टर घोषित कर दिया है। इनमें रांची यूनिवर्सिटी भी शामिल है?। यूजीसी ने इसकी लिस्ट भी जारी की है। इनमें 108 सरकारी यूनिवर्सिटी, 47 प्राइवेट यूनिवर्सिटी और दो डीम्ड यूनिवर्सिटी भी शामिल हैं। यूजीसी के मुताबिक, इन सभी यूनिवर्सिटीज ने लोकपाल नियुक्त नहीं किया, इसके चलते इन्हें डिफाल्टर यूनिवर्सिटी के कैटेगरी में शामिल किया गया है।

माखनलाल चतुर्वेदी यूनिवर्सिटी का भी नाम

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी इस सूची में मध्य प्रदेश के सात विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित किया गया है। इनमें माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (भोपाल), राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (भोपाल), जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जबलपुर), मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय (जबलपुर), नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विवि (जबलपुर), राजा मानसिंह तोमर म्यूजिक एंड आर्ट्स विवि (ग्वालियर) और राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय (ग्वालियर) शामिल है। इसके अलावा यूपी के किंग जार्ज यूनिवर्सटी ऑफ डेंटल साइंस (केजीएमयू) का भी नाम है।

किस राज्य में कितनी सरकारी यूनिवर्सिटी डिफॉल्टर

आंध्र प्रदेश की 4, बिहार की 3, छत्तीसगढ़ की 5, दिल्ली की 1, गुजरात की 4, हरियाणा की 2, जम्मू कश्मीर की 1 झारखंड की 4, कर्नाटक की 13, केरल की 1, महाराष्ट्र की 7 मणिपुर की 2, मेघालय की 1, ओडिशा की 11, पंजाब की 2, राजस्थान की 7, सिक्किम की 1, तेलंगाना की 1, तमिलनाडु की 3, उत्तर प्रदेश की 10, उत्तराखंड की 4, पश्चिम बंगाल की 14 सरकारी यूनिवर्सिटी डिफाल्टर घोषित की गई है।

बड़ा एक्शन

- लोकपाल नियुक्त करने के आदेश का पालन नहीं करने के कारण की गई कार्रवाई
- लिस्ट में 108 सरकारी, 47 प्राइवेट और दो डीम्ड यूनिवर्सिटी शामिल
- सूची में झारखंड के 4 सरकारी और 1 प्राइवेट विश्वविद्यालय हैं शामिल

झारखंड के इन विवि पर की गई कार्रवाई

- रांची विवि
- जमशेदपुर महिला विवि
- कोल्हान विवि
- रक्षा शक्ति विवि
- दुर्गा सोरेन विवि

नोट : सिर्फ दुर्गा सोरेन विवि प्राइवेट है।

जांच में खुलासा : जली बुकलेट का नंबर हजारीबाग सेंटर का

झारखंड से ही लीक हुआ नीट का पेपर, 6 संदिग्ध कस्टडी में

PHOTON NEWS TEAM : शनिवार को नीट एग्जाम विवाद में झारखंड कनेक्शन भी सामने आया। झारखंड पुलिस ने देवघर से शनिवार को 6 लोगों को हिरासत में लिया है। इन्हें बिहार के पटना ले जाया जाएगा। इस मामले में अब तक 19 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उधर, दोनों राज्यों की पुलिस ने बताया कि नीट का पेपर झारखंड से ही लीक होने के सबूत मिले हैं। बिहार पुलिस का कहना है कि 5 मई को नीट की परीक्षा हुई थी। इस दौरान सूचना मिली थी कि कुछ स्टूडेंट्स और सेंटर के पास पेपर पहले से पहुंच गया है और उसे रटवाया जा रहा है। पुलिस जब वहां पहुंची तो जला पेपर मिला और बुकलेट नंबर 6136488 बरामद की गई थी। सूत्रों की मानें तो यह बुकलेट हजारीबाग के एक सेंटर की है। इससे यह माना जा रहा है कि पेपर झारखंड से ही लीक हुआ था। इधर जांच एजेंसी के हेड फिलहाल दिल्ली में हैं। सूत्रों की मानें तो उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट और अब तक की कार्रवाई से एनटीए और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों को अवगत कराया है। हालांकि जांच एजेंसी की तरफ से अब तक इसे लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है।

पुलिस ने बताया- इनपुट के बाद एक्शन

देवघर पुलिस ने बताया, जिन 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनमें बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, चिंटू उर्फ बलदेव कुमार, काजू उर्फ प्रशांत कुमार, अजीत कुमार, राजीव कुमार उर्फ कारू और पिंकू कुमार शामिल हैं। देवघर सदर के एसडीपीओ रित्विक श्रीवास्तव ने बताया कि एक इनपुट के बाद यह कार्रवाई की गई है। ये आरोपी जुहू सिंह के घर में ठहरे थे। अब तक की जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि नूरसराय उद्यान कॉलेज का कर्मी संजीव मुखिया ही पेपर लीक करने वाले गिरोह का सरगना है। यह गिरोह कई माह से इसकी साजिश रच रहा था। संजीव को एक प्रोफेसर ने वॉट्सऐप पर पेपर भेजा था। इसके बाद पटना और रांची के मेडिकल स्टूडेंट्स की मदद से पेपर हल कराया गया। हल होने के बाद 5 मई की सुबह उत्तर के साथ इसे करायापरसुराय के चिंटू उर्फ बलदेव के मोबाइल पर भेजा गया।

परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए बनाई गई विशेषज्ञों की समिति, 2 महीने में देगी रिपोर्ट

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने, सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति बनाई है। समिति 2 महीने के भीतर मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी। समिति में 7 सदस्य शामिल हैं। हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीजे राव और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली के पूर्व निदेशक रणदीप गुलेरिया इस समिति में शामिल हैं। पूर्व इसरो अध्यक्ष और आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति का नेतृत्व करेंगे। शिक्षा मंत्रालय द्वारा बनाई गई समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली पर सिफारिशें करेगी।

गड़बड़ियां रोकने के लिए लोक परीक्षा कानून लागू

21 जून की देर रात को केंद्र सरकार ने पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ियों की रोकथाम के लिए लोक परीक्षा कानून 2024 लागू कर दिया है। प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स (पब्लिक एग्जामिनेशन एक्ट 2024) के प्रावधान को देशभर में लागू किया गया। इसी साल फरवरी में यह कानून पारित किया गया था। संसद में फरवरी 2024 को पारित हुआ यह कानून 21 जून 2024 से लागू कर दिया गया है. इसके तहत पब्लिक एग्जाम में होने वाली धांधली, फर्जीवाड़ा पर रोकथाम के लिए न्यूनतम 3 से 5 वर्ष के कैद की सजा का प्रस्ताव है। इसके साथ ही पेपर लीक गिरोह में संलिप्त लोगों को 5 से 10 वर्ष की सजा साथ ही न्यूनतम 1 करोड़ रुपए के जुर्माने का प्रावधान है।

6 झुलसे, आसपास की इमारतों पर गिरा मलबा

हरियाणा की फायरबॉल फैक्ट्री बलास्ट में 4 की मौत

AGENCY GURUGRAM : हरियाणा में गुरुग्राम के दौलताबाद इंडस्ट्रियल एरिया में फायरबॉल बनाने वाली फैक्ट्री में कल देर रात आग लग गई। इसके बाद फैक्ट्री में जबरदस्त धमाके हुए, जिससे पूरा इलाका दहल गया। भीषण आग लगने से 6 लोग झुलस गए। वहीं, कंपनी में तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड समेत 4 लोगों की मौत हो गई। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

धमाकों के बाद आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कंपनी में धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के मकान तक हिल गए। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

एयर अरेबिया की फ्लाइट में बम की सूचना, साढ़े 8 घंटे लेट हुआ विमान

NEW DELHI : केरल के कोझीकोड में कालीकट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक एयर अरेबिया की फ्लाइट में शनिवार सुबह बम की सूचना मिली। बम डिटेक्शन स्क्वाड और पुलिस जांच के बाद सूचना फर्जी पाई गई। यह फ्लाइट कालीकट से शारजाह के लिए सुबह साढ़े 8 बजे टेक ऑफ करने वाली थी। एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया कि सुबह बोर्डिंग से पहले ग्राउंड स्टाफ को एक नोट मिला था। इस नोट में बम लिखा हुआ था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बम डिटेक्शन स्क्वाड की टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरे एयरक्राफ्ट की जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। फ्लाइट की पिछली ट्रिप के किसी पैसेंजर ने यह नोट छोड़ा था।

44 विस क्षेत्र के एमएलए के लिए 220 व 38 को दिए गए 190 करोड़ रुपये

विकास के लिए 82 विधायकों को मिले 5-5 करोड़

PHOTON NEWS RANCHI : गांडेय विधानसभा उप चुनाव जीत कर आई नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन सहित सभी 82 विधायकों को विधायक फंड मिल गया है। सरकार ने पांच-पांच करोड़ रुपये प्रत्येक विधायक के लिए जारी किया है। ग्रामीण विकास विभाग ने इसका आवंटन आदेश जारी किया है। इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 410 करोड़ रुपये की निधि जारी की गयी है। इसमें जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत 44 विधानसभा क्षेत्र के विधायकों के लिए 220 करोड़ व अन्य क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत 38 विधानसभा क्षेत्र के लिए 190 करोड़ रुपये दिए गये है। ग्रामीण विकास सचिव के। श्रीनिवासन ने विधानसभा सदस्यों की अनुशंसा से ली जाने वाली विधायक योजना के कार्यान्वयन के लिए आवंटित राशि की जानकारी सभी उपविकास आयुक्त, निदेशक, डीआरडीए, निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम, अपर समाहर्तों, जिला पंचायत पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता रांची, नजारत उप समाहर्ता रांची, गिरिडीह, सरायकेला, जिला योजना पदाधिकारी बोकारो एवं दुमका,

टिकाऊ परिसंपत्तियों के सृजन पर जोर

ग्रामीण विकास सचिव ने स्पष्ट किया है कि आवंटित राशि का व्यय विधायकों द्वारा अनुशंसित योजनाओं पर विधायक योजना के गाइडलाइन के तहत किया जाये। इसके साथ ही निकासी की गयी राशि का खर्च स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित विकासात्मक प्रवृति की टिकाऊ परिसंपत्तियों के सृजन पर ही किया जाये। निकासी की गयी राशि के बाद समेकित उपयोगिता प्रमाण पत्र भी हर हाल में जमा करने को कहा गया है। वहीं, यदि किसी विधानसभा सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र एक से अधिक जिलों में पड़ता है तो उनके द्वारा अनुशंसित योजना की राशि निकासी कर दूसरे जिलों को हस्तांतरित कर दी जायेगी।

सख्त हिदायत कार्यालय पहुंचने में 15 मिनट से अधिक विलंब हुआ तो हो जाएगी कार्रवाई

केंद्रीय कर्मी रहे सावधान! देर से ऑफिस आना मना

AGENCY NEW DELHI : मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में अलग एंगल से कम करना चाह रही है। इसका पहला उदाहरण इस रूप में सामने आया है कि केंद्रीय कर्मचारियों के ऑफिस आने-जाने की अवधि पर लगाम कस दी गई है। सावधान हो जाएं केंद्र सरकार के कर्मचारी-अधिकारी। मोदी सरकार बिलकुल सख्त हो गई है। देर से दफ्तर आने पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। केंद्र सरकार ने साफ-साफ कहा है कि 15 मिनट से अधिक की देरी से दफ्तर आने वालों को माफ नहीं किया जाएगा। उन्हें कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। देश भर के कर्मचारियों को सुबह 9.15 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होने और अपनी हाजिरी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने अधिकतम 15 मिनट की देरी को माफ करने का फैसला किया है। आगाह किया गया है कि अगर वे सुबह 9.15 बजे तक ऑफिस नहीं आते हैं तो उनका आधा दिन का आकस्मिक अवकाश काट लिया जाएगा।

बायोमेट्रिक सिस्टम से ही अटेंडेंस

वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी कर्मचारियों को बायोमेट्रिक सिस्टम का उपयोग करने के लिए भी कहा गया है। आपको बता दें कि कोरोना संक्रमण के बाद इसका इस्तेमाल बंद कर दिया गया था। सरकारी कर्मचारियों के लिए जारी आदेश में कहा गया है, किसी भी कारण से यदि कर्मचारी किसी विशेष दिन कार्यालय में उपस्थित नहीं हो पाते हैं तो उन्हें इसकी सूचना देनी होगी। आकस्मिक अवकाश के लिए आवेदन करना होगा। केंद्र सरकार के कार्यालय सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक खुले रहते हैं, लेकिन जूनियर स्तर के कर्मचारियों का देर से आना और जल्दी चले जाना सामान्य बात है।

मोदी सरकार ने बनाई थी कार्यालय में समय लागू करने की योजना

वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि ऑफिस कोई निश्चित समय नहीं है। हम काम घर भी ले जाते हैं। वे आमतौर पर शाम 7 बजे के बाद निकलते हैं। इसके अलावा उनका तर्क है कि कोविड के बाद इलेक्ट्रॉनिक फाइलों पर अक्सर छुट्टियों या वीकेंड में घर से काम करते हैं। 2014 में सत्ता संभालने के बाद मोदी सरकार ने कार्यालय के समय को लागू करने की योजना बनाई थी। कर्मचारियों ने इसका विरोध किया था। कुछ ने तर्क दिया था कि वे लंबी दूरी की यात्रा करते हैं। अधिकारी और कर्मचारी समय पर ऑफिस आएं इसके लिए आधार वाली बायोमेट्रिक सिस्टम लगाई गई थी। कई वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए कतारों में खड़े होने से बचने के लिए अपनी मेज पर बायोमेट्रिक डिवाइस लगाई थी। अब सरकार फिर से ऐक्शन में दिख रही है। बॉयोमेट्रिक सिस्टम को फिर से बहाल करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं।

बरेली में सड़क पर अंधाधुंध फायरिंग 6 पुलिसवाले सस्पेंड

BAREILLY : बरेली में बिल्डर के गुर्गों और मार्बल कारोबारी के बीच सड़क पर अंधाधुंध फायरिंग हुई। किसी थ्रिलर मूवी की तरह दोनों पक्ष कभी कार तो कभी डिवाइडर की आड़ लेकर फायरिंग करते रहे। फायरिंग से सड़क पर दहशत फैल गई। 30 मिनट तक बवाल चला। मामला शनिवार सुबह इज्जतनगर पीलीभीत बाईपास रोड का है। घटना के बाद एसएसपी ने इंस्पेक्टर समेत 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया- इज्जतनगर थाना के गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय की पीलीभीत बाईपास रोड पर शंकरा महादेवा मार्बल्स के नाम से शॉप है। शनिवार सुबह बिल्डर राजीव राणा 30-40 अज्ञात लोगों के साथ 2 बुलडोजर लेकर आदित्य की दुकान पर पहुंचे। दुकान और प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश की।

एलओसी पार कर घुसपैठ की कर रहे थे कोशिश

उरी में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को किया ढेर

AGENCY SRINAGAR : जम्मू-कश्मीर में हाल के दिनों में आतंकी हमले में इजाफा हुआ है। आतंकी सीमा पार से घुसपैठ कर यहां दहशत का माहौल बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, सेना के चौकस जवान और सुरक्षा बल आतंकियों के मंसूबों पर पानी फेर दे रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को एक बार फिर आतंकियों ने एलओसी पार करने की कोशिश में थे। हालांकि उनकी कोशिश को सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया और दो आतंकियों को मार गिराया। आतंकी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। लेकिन जवानों ने इसे नाकाम कर दिया। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हुई जो अभी भी जारी है। घटना को लेकर अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने उरी सेक्टर के गोहल्लां इलाके में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है।

माधवी उपाध्याय
जमशेदपुर

धुआँ-धुआँ शहर

धुआँ-धुआँ शहर...!
धुआँ-धुआँ शहर हुआ
यूँ बारूदों का घर हुआ।

उन झूठे आधिपत्य में,
है जिंदगी नेपथ्य में।
यूँ खूँनी जंग, रंग से,
यूँ दुश्मनी कहर हुआ।

शहर -शहर उजड़ गए,
डगर -डगर निगल गए।
ये युद्ध की विभीषिका,
तहस-नहस शहर हुआ।

उजड़ रहे हैं पौध सब,
मनुष्यता को रौंद अब।
बची न आँखों में नमी,
जहर का यूँ असर हुआ।

भुगत रहा सकल जगत
विनाश की प्रबल जुगत।
विकल हुए यूँ बीज नव,
गली-गली समर हुआ।।



संतोष चौबे
जमशेदपुर

पल भर को यूँ आना भी...

आना पल भर को यूँ आना भी कभी होता है
इश्क में ऐसा दिखावा भी कभी होता है

यूँ तो दुनिया में कई रंग हैं जीने के लिए
देखे बिन तुझको गुजारा भी कभी होता है

धड़कने मेरी यूँ सांसों से मुतल्लिक तेरे
आदमी इतना गवारा भी कभी होता है

ये जरूरत ही पूरी होती नहीं दुनिया में
कोई अपना या पराया भी कभी होता है

चाहतें थोड़ी जरूरत के मुताबिक ठहरीं
कोई महबूब से प्यारा भी कभी होता है

लोभ से मुक्त हुए लोगों से छूटा नाता?
ज़िंदगी तुझसे किनारा भी कभी होता है

बाद शादी के वो कहते हैं तेरे हैं संतोष
इस तरह कोई दिलासा भी कभी होता है।।

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

SCAN ME

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

हिमालय की गोद में बसा चिलमिरी नेक

घुमक्कड़ की पाती घूमने वाली जगहों को लेकर आकृति के मन में एक गहरी उत्सुकता थी। वह इस घाटी में स्थित अन्य जगहों के बारे में भी जानना और समझना चाहती थी। साथ ही साथ संभव हुआ तो देखना भी। मैंने उसे रामताल और देववन के बारे में बताया।

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

सुबह सोकर उठे तो पूरा का पूरा पहाड़ ओस से ढंका हुआ था। हमारे आसपास कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। बावजूद इसके हमने मोइला टॉप से अपना टेंट और स्लीपिंग बैग समेट अपना बैकपैक किया और वापस चकराता लौट आए। आसपास की तमाम जगहों को एक्सप्लोर किया। कुछ ऊलेन के कपड़ों की खरीददारी की और अपनी पूर्व की यात्राओं के बारे में देर तक बात करते रहे। घूमने वाली जगहों को लेकर आकृति के मन में एक गहरी उत्सुकता थी। वह इस घाटी में स्थित अन्य जगहों के बारे में भी जानना और समझना चाहती थी। साथ ही साथ सम्भव हुआ तो देखना भी। मैंने उसे रामताल और देववन के बारे में बताया। थोड़ा बहुत हनोल देवता के बारे में भी, जो उसे काफी अच्छा लगा। वह मुझसे चकराता के बारे में थोड़ा और जानना और समझना चाहती थी। मैंने उसे इस जगह के बारे में आधारभूत जानकारी दी, जिसकी वजह से इस जगह को लेकर उसकी दिलचस्पी और भी ज्यादा बढ़ गई। वह चकराता की तीनों जगहों पर जाना चाहती थी। लेकिन समय सिर्फ. इतना था कि दो जगह पर ही जाया जा सकता था। वह देर तक इस कलकुलेशन में लगी रही कि हम तीनों ही जगहों को एक साथ कैसे घूम सकते हैं? मैंने कहा पहले शुरू करते हैं। जितना हो पाएगा उतना घूमेंगे और बाकी को, अगली यात्रा के लिए छोड़ देंगे। वह इस बात के लिए तैयार नहीं थी। लेकिन किया भी क्या जा सकता था। हम दोनों ने रात को सोते वक़्त ही तय कर लिया था कि सुबह होते ही हम चिलमिरी नेक जायेंगे और सूर्योदय देखने के बाद रामताल। अगर इसके बाद थोड़ी बहुत सम्भावना बनती है तो देववन के बारे में सोचेंगे।

चकराता की ठंड

सुबह उठना है, यह सोचकर रात को अच्छे से नींद तक नहीं आयी और सुबह के चार बजते ही आँख खुल गई। चकराता की रातें इतनी ठंडी होती हैं कि कोई रजाई और कम्बल काम नहीं करता। हीटर तो चाहिए ही चाहिए होता है। लेकिन हमारे कमरे में वह भी नहीं था। हम जैसे-तैसे तैयार हुए और चिलमिरी नेक के लिए निकल पड़े। यह मुख्य बाजार से तकरीबन तीन किमी की दूरी पर है, जहां पैदल अथवा गाड़ी से जाया जा सकता है। सर्द काफी ज्यादा था, बावजूद इसके हमने पैदल जाना चुना, ताकि सुबह के मनमोहक वातावरण और आसपास के दृश्यों को देखने का आनंद लिया जा सके। चकराता बाजार से चिलमिरी नेक तक का रास्ता खूबसूरत और हरे-भरे पेड़ों से घिरा हुआ है। यह हमें तरह-तरह के बदलते दृश्यों और खूबसूरत नजारों से होकर एक ऊंची चोटी पर लेकर जाता है, जहां से हरा-भरा एक बहुत बड़ा मैदान दिखाई देता है, जिसे देखकर मन खुशी और आश्चर्य से भर जाता है। यह जगह हम दोनों को किसी विंटर वंडरलैंड की तरह लगी और नजर दूर पहाड़ पर फैली बर्फ. की चादर के मध्य कहीं खो गई। चिलमिरी नेक चकराता की सबसे ऊंची चोटी के तौर पर जानी जाती है। यह हरे-भरे देवदार के जंगलों से घिरी हुई है। इस जगह से हिमालय पर्वतमाला और दूर की पहाड़ियों के बहुत ही शानदार नजारे दिखाई देते हैं। इस जगह से बंदरपूंछ और रोहिणी जैसी पर्वत चोटियों के सौंदर्य को बहुत ही आसानी से देखा जा सकता है। इस जगह पर सैलानी लुभावने नजारे, शांत वातावरण और समृद्ध जैव विविधता को देखने के लिए आते हैं। इस जगह से हिमालय का नजारा बहुत ही अद्भुत दिखाई देता है। सुबह के पांच बज रहे थे और पूरा पहाड़ अभी सो रहा था। मैं रास्ते में आगे की तरफ बार-बार यही सोच रहा था कि आखिर चिलमिरी नेक का नाम चिलमिरी नेक क्यों है? पर कुछ भी समझ में नहीं आया। तकरीबन 10-15 मिनट की राइडिंग के बाद हम दोनों एक बहुत बड़े मैदान में पहुंचे। इस पहाड़ पर इतना बड़ा मैदान देखकर हम आश्चर्य में पड़ गए। लेकिन दूसरी तरफ बढ़े तो कुछ सैलानी इस जगह पर पहले से मौजूद थे। वह सभी उगते हुए सूरज को देखने के लिए उत्सुक दिखाई दे रहे थे और फोटोग्राफी कर रहे थे। हमने भी जमकर फोटोग्राफी की और फिर हम भी उगते हुए सूर्य के सौंदर्य में खो गए। इस जगह पर एक अलग तरह की शांति और सुकून है, जिसमें बस पक्षियों की चहचहाहट शामिल है। इस जगह पर हमें कई तरह के पक्षी और तितलियाँ भी दिखाई दीं। इस तरह से दो घंटे का समय कब बीत गया, कुछ पता ही नहीं चला।

रामताल उद्यान की खूबसूरती

हम लौटकर दोबारा चकराता बाजार आए। चाय पीने के बाद एक और अनजान रास्ते पर निकल पड़े, जिसे रामताल उद्यान के नाम से जाना जाता है। रामताल उद्यान मसूरी रोड पर चकराता से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर नागौ गांव के पास स्थित है। यह रास्ता काफी अच्छा और खूबसूरत है जिसे अपनी यात्रा के दौरान एंज्वॉय किया जा सकता है। रामताल उद्यान में बिलकुल भी भीड़भाड़ नहीं रहती है। यह जगह भी काफी शांत और सुकून देने वाली है और काफी हद तक चिलमिरी नेक से मिलती-जुलती है। इस जगह पर एक ताल भी है जिसकी वजह से इस जगह का नाम रामताल है। इस जगह पर भी आपको एक खूबसूरत मौसम और जैवविविधता देखने को मिलती है। हम इस जगह पर ही ठहरे और इस जगह पर पायी जाने वाली विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों और जीव-जंतुओं से परिचित हो सके। रामताल उद्यान में हमने ग्रे ट्रीपाई, ओरिएंटल टर्टल डव और ब्लैक हेडेड जे जैसे कुछ पक्षी भी देखे और सुबह के दस बजे तक वापस चकराता लौट आए।

देववन का अद्भुत सौंदर्य

रिजॉर्ट में पहुंचने के बाद थोड़ी देर तक विश्राम किया और देववन जाने की तैयारी में लग गए। देवबन का शाब्दिक अर्थ होता है भगवान का जंगल। स्पष्ट शब्दों में कहें तो वह जगह जहां पर भगवान निवास करते हैं। इस जगह के नाम में ही एक आकर्षण था, जिसने हम दोनों को ही अपनी तरफ आकर्षित किया और देर तक हम दोनों इस संदर्भ में बातें करते रहे। यह जगह समुद्र तल से लगभग 2900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित होने के बावजूद ट्रेकिंग के लिहाज से बहुत ही उपयुक्त मानी जाती है। यह ट्रेकर्स को बिल्कुल भी परेशान नहीं करती है। बावजूद इसके अभी तक बहुत से लोगों ने इसे एक्सप्लोर नहीं किया है। ट्रेक के दौरान आप कई सुंदर और मनोरम रास्तों से होकर गुजरते हैं। इस दौरान आपका सामना ओक, पाइंस, देवदार, फर और झाड़ियों के घने जंगलों से होता है। देववन में एक बहुत ही सुन्दर विश्राम गृह भी है जो कि उस क्षेत्र में मौजूद एकमात्र इमारत है। इस जगह से घास के मैदान का सुंदर दृश्य दिखाई देता है। देववन का सबसे ऊँचा स्थान व्यास शिखर है। यह जगह बहुत ही शांत और सुन्दर है। इस जगह से हिमालय पर्वत श्रृंखलाओं का मनोरम दृश्य दिखाई देता है। व्यास शिखर के बारे में एक मिथक है कि वासुदेव ने महाभारत यहीं लिखी थी। सर्दियों में यह रास्ता बर्फ से ढक जाता है, जिससे यह अत्यंत रोमांचकारी हो जाता है। लेकिन सामान्य यात्रियों की मुश्किल बढ़ा देता है। हम इस जगह पर जाना तो चाहते थे, परन्तु रास्तों की कठिनाइयों से पूरी तरह परिचित नहीं थे। हमने सोचा कि स्कूटी रेंट करेंगे और महज कुछ ही देर में देववन पहुंच जायेंगे। बारह किमी का सफर ही कितना होता है? लेकिन यह बारह किमी बारह सौ किमी के बराबर थे। ट्रेकिंग के लिए भले ही यह रास्ता उपयुक्त और रोमांच भरा हो। मोटर गाड़ियों से जाने वालों के लिए बहुत ही खतरनाक है। स्कूटी से तो दो किमी भी उस रोड पर जाना मुश्किल था। हम वहाँ किसी तरह से पहुंच भी जाते तो भी उसी दिन वापस आना सम्भव नहीं था। इसलिए, वापस लौट आए।

कैसे पहुंचे चिलमिरी नेक

यह स्थान उत्तराखंड में है। यह देहरादून रेलवे स्टेशन से करीब 90 किलोमीटर और जॉली ग्रांट हवाई अड्डा से लगभग 115 दूरी पर स्थित है। यहां मार्च से नवंबर तक घूमने का सबसे अच्छा समय है।

पक्षी ■ पुराण

हैबिटेट और पक्षी

राहुल सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर, विश्व-भारती, शांति निकेतन

पक्षियों की दुनिया में हैबिटेट का मतलब उस अनुकूल परिवेश से होता है, जहाँ वे होना और रहना पसंद करते हैं। कुछ पक्षी जो हमारे आस-पास के परिवेश के प्रति अनुकूलित हो गये हैं, उनका और हमारा हैबिटेट अब एक हो गया है। जैसे-कबूतर, कौआ, मैना, बगुला, बुलबुल आदि। उदाहरण और भी हो सकते हैं। कुछ हैं जो साथ रहते हुए भी किसी-किसी ऋतु में दिखना कम कर देते हैं। पर ऋतु की उस प्रतिकूलता के खत्म होते ही पुनः दिखने लगते हैं। हर ऋतु में अच्छी संख्या में पक्षियों का एक संसार किसी शहर के अलग-अलग भूभाग और हिस्सों में उभर आता है। इसके बारे में शहर में चंद लोगों को ही जानकारी होती है। शेष को इसके बारे में रत्ती भर भी जानकारी नहीं होती है। यह पक्षी और प्रकृति की संवेदनशीलता से जुड़ा मामला है।

हैबिटेट के मामले में जो सबसे शानदार बात है वह यह कि वैसे पक्षी जो हमारे आस-पास के हैं उनके हैबिटेट का बोध तो समझ में आता है। लेकिन जो माइग्रेट करते हैं, उनके हैबिटेट का बोध कितना शानदार होता होगा। माइग्रेशन पक्षियों की दुनिया की एक ऐसी परिघटना है, जिस पर आप केवल अचंभित हो सकते हैं। अचंभित इस बात पर कि माइग्रेशन उनके जीवन को बचाये रखने का एक अभिन्न अंग है। सर्दियों से प्रवासी पक्षी यहाँ आकर प्रजनन तो कम ही करते हैं। बस वे अपने देश की असहनीय सर्दी के खत्म होने की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं। और इसकी आहट सुनते ही उनका रिवर्स माइग्रेशन आरंभ हो जाता है। लेकिन इस किस्म के माइग्रेशन से अलग किस्म का एक और माइग्रेशन होता है, जो भारत के भीतर हिमालय, उत्तराखंड, केरल, पश्चिमी घाट आदि से मध्य प्रदेश, ओड़िशा, बंगाल, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड के हिस्से में होनेवाला माइग्रेशन है।

विंटर माइग्रेटरी बर्डस की पर्याप्त चर्चा होती है। पर भारत के भीतर भी पक्षियों की अच्छी आवाजाही होती है। इनमें से कई हैं जो बाकायदा प्रवास के दौरान ही प्रजनन करते हैं। इंडियन पिट्टा, इंडियन पैराडाईज फ्लाईकैचर आदि इनमें प्रमुख हैं। इनके साथ-साथ ही पक्षियों का एक पूरा संसार सखुआ के जंगल में गुंजायमान हो उठता है। मार्च से जुलाई तक सखुआ के जंगलों को देखना एक अलग किस्म का अनुभव है। रंग जिस कदर बदलते हैं, गहरे होते हैं। उसे जंगल की आवाजाही के बगैर नहीं समझा जा सकता है। इस आवाजाही के क्रम में दरअसल हैबिटेट का असली मतलब समझ में आता है। पक्षी विशेषज्ञों की हैबिटेट की जानकारी का एक उदाहरण आपसे साझा करना चाहता हूँ, जिससे आप इस परिघटना को समझ सकें। देवघर (झारखंड) में पक्षियों के डाक्यूमेंटेशन का दूसरा साल था। जलाशयों के पास पाये जाने वाले पक्षियों की सूची तैयार थी। राँची (झारखंड) के साथी मार्च के बाद भांति-भांति के पक्षियों की तस्वीरें अपलोड कर रहे थे। उनमें से एक साथी विशेषज्ञ की मदद मैंने देवघर के सिलसिले में चाही। उन्होंने सखुआ और बाँस के जंगल के बारे में बताया। तब जंगल में फोटोग्राफी का अनुभव नहीं था। लेकिन पहली बार ही जंगल जाने पर बायो-डायवर्सिटी का मतलब ठीक-ठीक समझ में आ गया। उस दिन कुल 17 मार्च-अप्रैल से जंगल जाना शुरू किया था और मई आ चुका था। इंडियन पिट्टा की तलाश जारी थी। तब साथी विशेषज्ञ ने हैबिटेट और पक्षियों की आवाज (कॉल) के बारे में बताया कि यह कोई जरुरी नहीं कि वह दिखे ही उसके होने की पुष्टि पहले जरुरी है। और वह उनकी आवाज से की जा सकती है। मर्लिन नामक एप ने इसमें बहुत मदद की। और फिर वह हुआ जिसका अंदाजा किसी को नहीं था। केवल हैबिटेट के बदलने से उस साल (2022) में कोई 57 नए पक्षी देवघर की सूची में जुड़ गये। फिर अलग-अलग हैबिटेट की तलाश शुरू हुई। और 2024 तक आते-आते देवघर में पाये जाने वाले पक्षियों की प्रजाति की संख्या 240 के पार पहुँच गयी। देवघर जैसी जगह जहाँ राँची की तरह हरियाली, पहाड़, घने जंगल और सालभर बहने वाली नदियाँ मौजूद नहीं थी, यह सब एक बड़ी उपलब्धि की तरह था। 2024 तक आते-आते उसी सखुआ के जंगल में कोई 90 प्रजातियों के पक्षी सूचीबद्ध हो चुके थे। यह तब था, जब यह काम बर्ड फोटोग्राफी के शौक को पूरा करने के लिए किया जा रहा था। मतलब अगर कोई प्रशिक्षित ऑरनिथोलॉजिस्ट यहाँ होता तो यकीनन पक्षियों की प्रजाति की यह संख्या 300 के आस-पास होती।

पक्षियों के मामले में एक विचारणीय प्रश्न यह है कि पक्षी आते हैं वन विभाग के न्यायाधिकरण में। लेकिन अपवाद के अधिकारियों को छोड़ दें तो पक्षियों के मामले में वन विभाग की जानकारी भी एक आम आदमी की तरह ही है। वन विभाग में नियुक्तियों के लिए पक्षियों की जानकारी की कोई परीक्षा नहीं होती है। उनकी प्राथमिकता में जंगल से लकड़ी की कटाई को रोकना होता है। हैबिटेट की दृष्टि से बहुत कम वनरक्षी जंगल को देख पाते हैं। उस पर आलम यह है कि इन जंगलों में गुलेल के साथ ग्रामीण और बच्चे आपको आसानी से दिख जायेंगे। इसे लेकर किसी किस्म की जागरुकता वाली पहल वन विभाग की ओर से देखने में कम ही मिलती है। पक्षियों की दुनिया से विद्यालय और शिक्षा को जोड़े बिना इस दिशा में बदलाव की गुंजाइश नहीं दिखती है।

BRIEF NEWS

आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने पर एएसआई सस्पेंड

RANCHI : वरीय पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं के मामले में एएसआई को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर डॉक्टर भारती सिन्हा के बैंक खाते से 27 लाख की अवैध निकासी हुई थी। पुलिस ने इस घटना के मुख्य आरोपी सुनील साहू को गिरफ्तार किया था, लेकिन वो थाना से भाग गया था। सुनील साहू की गिरफ्तारी के लिए प्रयास नहीं करने को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक ने केस के आइओ धीरज कुमार विश्वकर्मा को पहले शोकोज किया। इसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया।

आरपीएफ ने एक महिला यात्री की बचाई जान

RANCHI : शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 18623 रेलवे स्टेशन रांची से प्लेटफॉर्म संख्या 02 से रवाना हो रही थी। इसी दौरान एक महिला यात्री चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रही थी और असंतुलित हो गई। उसी वक्त ड्यूटी पर मौजूद तैनात जवान राजेन्द्र कुमार कुजुर ने उसे देखा और जल्दी से उसे अंदर धकेल लिया, जिससे उक्त महिला यात्री की जान बच गयी।

जमीन खोदाई के दौरान पैरा बम बरामद

RANCHI : नामकुम थाना क्षेत्र स्थित हाहाप जंगल स्थित एक घर के लिए जमीन खुदाई के दौरान पैरा बम शनिवार को बरामद हुआ है। बताया जाता है कि पूर्व में इस इलाका में नक्सलियों का ठिकाना हुआ करता था। नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि हाहाप जंगल मे एक घर निर्माण के दौरान मिट्टी खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान जमीन के अंदर से एक पैरा बम बरामद किया गया। घर मालिक ने मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दी। पुलिस टीम तुरंत वहां पहुंची। इसके बाद झारखंड जगुआर के बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाकर बम को डिफ्यूज कर दिया गया।

बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव पर हुई विस्तृत चर्चा

RANCHI : कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने शनिवार को चार राज्यों झारखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली के सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी, चेयरमैन तथा स्टेट कोऑर्डिनेटरस के साथ बैठक की। जूम एप्लीकेशन के माध्यम से हुई बैठक में आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव पर विस्तृत रूप चर्चा हुई। बैठक में झारखंड से सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए कार्यों का विस्तृत ब्यौरा दिया। सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के दिशा-निर्देश पर सभी सीटों पर कार्यकताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपनी बातों और मेनिफेस्टो को तेजी से जनता के बीच ले गये। बैठक में सोशल मीडिया के राष्ट्रीय समन्वयक सह झारखंड प्रभारी अभय तिवारी, स्टेट कोऑर्डिनेटरस नलिन मिश्रा, प्रशांत पांडेय तथा संजय कुमार भी मौजूद थे।

डिस्ट्रिक्ट लेवल सर्विस अथॉरिटी में वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई सुनवाई

धोखाधड़ी मामले में अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता के बीच हुआ समझौता

PHOTON NEWS RANCHI : बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े धोखाधड़ी मामले में दोनों पक्षों के बीच शनिवार को समझौता हुआ। डिस्ट्रिक्ट लेवल सर्विस अथॉरिटी (डालसा) रांची में हुई सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष अमीषा पटेल और अजय कुमार सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से उपस्थित हुए। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में समझौता हुआ। मामले में आईपीसी की धारा 420, 406, 384, 385, 506,504, 34 और चेक बाउंस के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह जानकारी अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयालक्ष्मी ने दी। इससे पूर्व चेक बाउंस मामले में दोनो पक्षों के बीच सुलह हो चुका है। नौ मार्च को रांची सिविल कोर्ट में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के बीच पांच किस्तों में पूरा पैसा 2 175 करोड़ रुपये लौटाने के शर्त पर समझौता हुआ था। अमीषा पटेल ने अब तक शिकायतकर्ता को 1 151 करोड़ रुपये दे चुकी है। 1 124 करोड़ रुपये देना अभी बाकी है। समझौते के तहत समय पर पैसा दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि देशी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह से ढाई करोड रुपये लिए और इसे वापस नहीं किया। पैसा मांगने पर अमीषा ने दो चेक दिए थे, जो बाउंस हो गया था। इसको लेकर अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल के खिलाफ साल 2018 में धोखाधड़ी और चेक बाउंस का केस दर्ज कराया था।

पूर्व मंत्री के ओएसडी संजीव की बेल पर 29 को सुनवाई

टेंडर घोटाला के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी व पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर 29 जून को सुनवाई होगी। संजीव लाल ने रांची ढटछअ (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। बता दें कि ईडी ने संजीव लाल के सहायक जहांगीर के घर पर छापेमारी की थी। इस दौरान वहां से 35 123 करोड़ नगद बरामद किये गये थे। वहीं संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ कैश मिला था। इसी केस में एजेंसी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

संजीव लाल की जमानत पर सुनवाई 29 जून को

टेंडर घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की जमानत याचिका पर शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले में सुनवाई की अगली तिथि 29 जून निर्धारित की है। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए छह मई को कई इंजीनियर ठेकदार, कॉन्ट्रेक्टर और आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी। संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से ईडी ने 35 123 करोड़ रुपये नगद बरामद किए थे। जबकि संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ रुपये बरामद हुए थे।

मंजूनाथ के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

झारखंड हाई कोर्ट में अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर एयरपोर्ट पर रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ की याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता मंजूनाथ के खिलाफ अगले आदेश तक पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। मामले में कोर्ट ने कुछ बिंदुओं पर याचिकाकर्ता से जवाब मांगा है। दरअसल, पूर्व की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराया गया जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है।

समन की अवहेलना का मामला

हेमंत सोरेन का आग्रह मंजूर 12 जुलाई को होगी सुनवाई

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट के संज्ञान आदेश को चुनौती दी गई है। हेमंत सोरेन की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को निर्धारित की। कोर्ट ने मामले में ईडी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हेमंत सोरेन की ओर से ईडी द्वारा दर्ज शिकायतवाद को निरस्त करने का आग्रह किया गया। हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि ईडी के जिस समन पर नहीं गए थे उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर गया था। नए समन पर हेमंत सोरेन के ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार-बार समन जारी किया था।

मैनहर्ट घोटाला मामले में फैसला सुरक्षित

झारखंड हाई कोर्ट में मैनहर्ट घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज पीई (प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट अब तक नहीं आने एवं मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर दायर विधायक सरयू राय की याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की अधिवक्ता से पूछा कि जब आपको यह पता था कि मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर काम दिए जाने में वित्तीय गड़बड़ी हुई है, तो फिर आपने थाने में प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज कराया? आप सिविल कोर्ट में शिकायतवाद भी दर्ज करा सकते थे लेकिन आपने विजिलेंस ब्यूरो में शिकायत कर मामले को छोड़ दिया।

पिठोरिया-कांके इलाके का कुख्यात सजाउद्दीन को किया गया जिला बदर

PHOTON NEWS RACHI : शनिवार को रांची जिले के पिठोरिया और कांके इलाके में सक्रिय कुख्यात भू-माफिया सजाउद्दीन अंसारी को डीसी कोर्ट ने 3 महीने के लिए जिला बदर का आदेश दिया है। आदेश में कहा गया है इस भू-माफिया की आपराधिक गतिविधियों से आम जनता में आतंक एवं दहशत का माहौल है। एसएसपी रांची की अनुशंसा का हवाला देकर कहा गया है कि सजाउद्दीन अंसारी एक आपराधिक तत्व है, जिसने अपने आपराधिक कृत्यों से रांची जिले के पिठोरिया, कांके व आसपास के थाना क्षेत्र में अशांति फैला रखा है। यह पूर्व में भी मारपीट, रंगदारी सहित अन्य कांड में आरोपी रह चुका है। फिर इसी प्रकार के आपराधिक कृत्यों में शामिल एवं सक्रिय है। इस वजह से इसके खिलाफ गवाही देने या उसका नाम पुलिस को बताने के लिए आम लोग तैयार नहीं होते हैं। कई आपराधिक घटनाओं में इसके शामिल रहने के बावजूद केस दर्ज नहीं हो पाया है। इस मामले में सजाउद्दीन की ओर से भी अपना पक्ष दाखिल किया गया, जिसे दरकिनार करते हुए टिप्पणी की गई है कि सजाउद्दीन द्वारा दिया गया जवाब महज उसके बचने का प्रयास है।

- एसएसपी की अनुशंसा पर डीसी कोर्ट ने 3 माह बाहर रहने का दिया आदेश
- आम जनता में अशांति व दहशत का माहौल पैदा करने का दिया गया हवाला
- पूर्व में भी मारपीट, रंगदारी सहित अन्य कांडों में रह चुका है आरोपी

23 सितंबर तक जिले से रहना है बाहर : उपायुक्त के न्यायालय में पारित आदेश के अनुसार, आगामी 23 सितंबर 2024 तक के लिए भूमिया सजाउद्दीन अंसारी को रांची जिले से बाहर रहने का आदेश दिया गया है। आदेश में 23 जून 2024 तक 25 हजार के दो मुचलकों के साथ बंध पत्र भरने का भी आदेश हुआ है। जिले में प्रवेश करने के लिए उपायुक्त के न्यायालय से पूर्वानुमति लेने का भी आदेश मिला है। संबंधित आदेश की प्रति वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, रांची जिले के सभी थाना प्रभारियों को भेजा गया है। एक प्रति सजाउद्दीन अंसारी को भी प्रेषित की गई है।

श्री हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर सजा विशेष दीवान, संगत को बताया गया मिस्सी रोटी का इतिहास

PHOTON NEWS RACHI : रांची-राजधानी रांची के रातू रोड की कृष्णा नगर कॉलोनी में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा शनिवार को छठे गुरु श्री हरगोविंद साहिब जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सजाए गए विशेष दीवान की शुरूआत सुबह 8 बजे हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी एवं साथियों द्वारा श्री आसा दी वार के पाठ से हुई। इस दौरान संगत को मिस्सी रोटी का इतिहास बताया गया। रांची के रातू रोड की कृष्णा नगर कॉलोनी के गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जेवेंदर सिंह ने गुरु के जीवन पर प्रकाश डाला। साध संगत को बताया कि छठे गुरु श्री हरगोविंद साहिब जी का जन्म 1595 में हुआ। वे गुरु अर्जुन देव जी की इकलौती संतान थे। सिख समुदाय को एक सेना के रूप में संगठित करने का श्रेय इन्हें ही जाता है। इन्होंने सिख कौम को योद्धा-चरित्र प्रदान किया था। 1606 में 11 साल की उम्र में ही गुरु हरगोविंद साहिब जी ने अपने पिता से गुरु की उपाधि पा ली थी। इन्होंने शाति और ध्यान में लीन रहनेवाले सिख कौम को राजनीतिक और आध्यात्मिक दोनों तरीकों से चलाने का फैसला किया। गुरु हरगोविंद सिंह जी ने दो तलवारें पहननी शुरू की। गुरु हरगोविंद साहिब जी ने ही अकाल तख्त का निर्माण भी कराया। इन्होंने अपने जीवनकाल में बुनियादी मानव अधिकारों के लिए कई लड़ाइयां लड़ीं। गुरुघर के सेवक मनीष मिढ़ा ने संगत को मिस्सी रोटी का इतिहास बताते हुए कहा कि गुरु हरगोबिंद साहिब जी के माता-पिता, गुरु अर्जन देव जी और माता गंगा जी को उनकी शादी के बाद लंबे समय तक कोई संतान नहीं हुई। एक दिन माता गंगा जी ने गुरु अर्जन देव जी से अनुरोध किया कि वे उन्हें एक बच्चे का उपहार दें क्योंकि गुरु जी संगत को उनकी जो भी इच्छा हो, उसे पूरा करते हैं। गुरु अर्जन देव जी ने माता गंगा जी से एक बच्चे का आशीर्वाद पाने के लिए एक गुरसिख की सेवा (निस्वार्थ सेवा) करने के लिए कहा। इसलिए माता गंगा जी बाबा बुड्ढा जी से मिलने के लिए निकल पड़ीं, जो एक भक्त गुरसिख थे। अगले दिन माता गंगा जी ने अपने हाथों से मिस्सी रोटी बनाई, मक्खन मथा और छाछ तैयार की। आज के दीवान में गुरुनानक सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल, अशोक गेरा, हरविंदर सिंह बेदी, हरगोबिंद सिंह, सुरेश मिढ़ा, बिनोद सुखीजा, नरेश पपनेजा, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, महेंद्र अरोड़ा, हरीश मिढ़ा, अमरजीत गिरधर, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, राजकुमार सुखीजा, अनूप गिरधर, हरविंदर सिंह हन्नी, सागर थरेजा, कमल मुंजाल, रमेश तेहरी, जीतू अरोड़ा, सुरजीत मुंजाल, महेश सुखीजा, रमेश गिरधर, रौनक ग्रोवर, चरणजीत मुंजाल सहित अन्य शामिल थे।

प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में मौजूद लोग। ● फोटोन न्यूज

हटिया स्टेशन पर शराब के साथ एक युवक धराया

PHOTON NEWS RANCHI : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित उज्जवल कुमार बरियातू का रहने वाला है। इसके पास से शराब की ब्लेंडर्स प्राइड की 21 बोतलें बरामद की गयी हैं। रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट हटिया और फ्लाइंग टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन पर जांच के दौरान एक संदिग्ध को हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर एक भूरे रंग के ट्रॉली बैग के साथ देखा। संदेह के आधार पर बैग की जांच करने पर शराब बरामद की गई। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि शराब को हटिया से खरीदा था और अधिक कीमत लेकर बेचने के लिए मुजफ्फरपुर (बिहार) जा रहा था। बरामद शराब की कीमत 22 हजार आंकी गयी है। सभी शराब को रांची के सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने जब्त कर लिया।

पुलिस गिरफ्त में शराब कारोबारी।

विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी आजाद समाज पार्टी : काशिफ रजा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी आजाद समाज पार्टी। गढ़वा जिला के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (का०) का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजाद समाज पार्टी (का०) के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा उपस्थित हुए। गढ़वा जिला की जनता आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की बातों को सुनने के लिए जुटी। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा के नेतृत्व में गढवा जिला के प्रसिद्ध समाजसेवी लव कुमार सिंह खरवार और सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थकों ने आजाद समाज पार्टी का दामन थामा। कार्यक्रम का संचालन अनिल राम ने किया और धन्यवाद ज्ञापन भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष ललित राम ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि काशिफ रजा जी ने कहा कि झारखंड के सभी 81 सीटो पर चुनाव लडेगी, साथ ही गढ़वा और विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में हमारी पार्टी मजबूती से चुनाव लडेगी। इसमें साफ सुथरा छवि के प्रत्याशी को टिकट दे कर अपने बहुजन समाज की सेवा करने के लिए विधानसभा भेजेंगे।

कार्यक्रम में शामिल भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (का०) के कार्यकर्ता।

कमलेश के खिलाफ कांके थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी

PHOTON NEWS RANCHI : जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के खिलाफ कांके थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कमलेश के ठिकानों पर शुक्रवार (21 जून) को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की थी। उसके ठिकानों से एक करोड़ रुपए और 100 कारतूस बरामद हुए थे। रांची में भूमि घोटाला मामले में जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के यहां ईडी ने छापेमारी की थी। उस पर आरोप है कि फर्जी दस्तावेज के सहारे उसने जमीन की खरीद-बिक्री की। इस मामले में ईडी की ओर से उसे कई बार समन जारी किए गए, लेकिन वह एक बार भी पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुआ। कमलेश कुमार लगातार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से समय मांगता रहा। बाद में वह फरार हो गया। हालांकि, एक कार्यक्रम के दौरान वह रांची में देखा गया था। इसके बाद शुक्रवार (21 जून) को ईडी ने उसके ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी में उसके घर से 1 करोड़ रुपए नकद और 100 कारतूस बरामद हुए। इसके बाद शनिवार (22 जून) को राजधानी रांची के कांके थाना में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

अभी तक सामान्य 101.5 मिमी की तुलना में 65 फीसद कम बरसा पानी

दो-तीन दिनों में झारखंड को कवर कर लेगा मानसून

PHOTON NEWS RANCHI : लंबे समय तक भीषण गर्मी झेल रहे झारखंड वासियों को शुक्रवार को बड़ा सुकून मिला, जब यहां दक्षिणी पश्चिमी मानसून की एंट्री हुई। दोपहर के बाद झमाझम बारिश और फिर मौसम सुहाना। अब तीखी गर्मी झुलसाएगी नहीं। संताल परगना के साहिबगंज और पाकुड़ क्षेत्र में मानसून का प्रवेश हुआ। अगले दो से तीन दिनों में पूरे झारखंड को मानसून कवर कर लेगा। शनिवार को भी राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में दोपहर के बाद लगभग 3:45 बजे 15 मिनट के लिए झमाझम बारिश हुई। अन्य जिलों में भी बारिश हुई। राज्य में शनिवार को कई जगहों पर बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया गया है, लेकिन रविवार से दो दिन के लिए यह कुछ धीमा होने के बाद फिर जोर पकड़ेगा। रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, झारखंड में मानसून का प्रवेश सामान्य अवधि की तुलना में करीब एक हफ्ते देर से हुआ है। यहां इसके प्रवेश की अवधि 10 से 15 जून निर्धारित है। पिछली बार भी यह चार दिन की देरी से 19 जून को झारखंड में प्रवेश किया था। आंकड़ों के मुताबिक जून में राज्य में अबतक मात्र 36 मिमी बारिश हुई है, यह सामान्य 101.5 मिमी की तुलना में 65 फीसद कम है। रांची में इस माह 54.8 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से करीब 48 फीसदी कम है। इधर, शुक्रवार को वज्रपात से रांची जिले में दो, हजारीबाग में एक और लोहरदगा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अगले 48 घंटों के दौरान भी कई स्थानों पर बारिश होने का अनुमान है। विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 74.5 मिमी बारिश हुई, जबकि पूर्वी सिंहभूम में 42.8 मिमी, रांची में 29.4 मिमी बारिश हुई। राज्य के अन्य हिस्सों में हल्के से मध्यम बारिश हुई। जून में दौरान राज्य में अब तक मात्र 36 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य औसत 101.5 मिमी बारिश की तुलना में 65 फीसदी कम है।

तापमान में तीन से सात डिग्री की गिरावट

झारखंड में पिछले दो दिन से बारिश होने से अधिकतम तापमान में तीन से सात डिग्री तक की कमी दर्ज की गई है। बुधवार को रांची का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री था, जो शुक्रवार को 30.8 डिग्री हो गया। अन्य जिलों के तापमान में भी कमी आयी है। वहीं मेदिनीनगर का अधिकतम पारा सबसे अधिक 39.4 डिग्री रहा। पिछले 48 घंटों के दौरान पारा में तीन डिग्री की कमी आई है।

एक जुलाई से सभी स्कूल हो जाएंगे डे

राज्य के सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त स्कूल शनिवार से सुबह सात से दोपहर एक बजे तक चलेंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इसका आदेश जारी कर इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। भीषण गर्मी के कारण अभी स्कूल सुबह सात से 11.30 बजे तक ही चल रहे थे। एक जुलाई से सभी स्कूल सुबह नौ से अपराह्न तीन बजे तक चलेंगे। आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

अस्पताल में दो हार्निया का एक साथ निःशुल्क ऑपरेशन

RANCHI : सदर अस्पताल के लेप्रोस्कॉपी सर्जरी विभाग ने एक ही मरीज के दो हर्निया का ऑपरेशन एक साथ किया। पूर्व में मरीज को रांची से बाहर रेफर कर दिया गया था, जहां वेल्लोर में उनसे तीन लाख का खर्च बताया गया था लेकिन सदर अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन आयुष्मान योजना के अंतर्गत निःशुल्क हुआ। जमशेदपुर की रहने वाली 35 वर्षीय महिला काफी दिनों से पेट दर्द और सूजन को लेकर परेशान थी। जांच करने पर उन्हें पता चला कि उन्हें दो हर्निया है। एक इंसीजनल हर्निया और दूसरा अंबिलिकल हर्निया। इनसीजनल हर्निया सिजेरियन ऑपरेशन के बाद हुआ था। इसमें उनके आंत के कुछ अंश जाकर फंसे हुए थे, जिसके कारण बहुत दर्द होता था।

सीएमपीडीआई की डिस्पेंसरी में चलाया गया स्वच्छता अभियान

स्वच्छता अभियान में शामिल अधिकारी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत सीएमपीडीआई 16 से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा माना रही है। इसी कड़ी में सीएमपीडीआई के निदेशक शंकर नागाचारी ने स्वच्छता पखवाड़ा का नेतृत्व कर डिस्पेंसरी की साफ-सफाई की। इस अभियान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिल्पी स्वरूप, डॉ सीमा कुमारी कच्छप, और कर्मचारियों ने भी अपना सहयोग दिया। इसके साथ ही सीएमपीडीआई रांची और इसके क्षेत्रीय संस्थानों द्वारा भी विभिन्न गतिविधियां चलायी गयीं। रांची के लोहरा कोचा गांव, धनबाद और येन्सा में जूट बैग का वितरण किया गया। वहीं क्षेत्रीय संस्थान 1 आसनसोल व क्षेत्रीय संस्थान-2 धनबाद में भी अभियान चलाया गया।

BRIEF NEWS

आज घाटशिला आएंगे सीएम, करेंगे शिलान्यास

JAMSHEDPUR : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के घाटशिला आएंगे। यहां वे विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास के साथ परिसंपत्ति का वितरण करेंगे। सुबह 11 बजे से मउभंडार स्थित ताम्र मैदान में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होगा। इसमें स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद बिद्युत बरण महतो, घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती व पोटका के विधायक संजीव सरदार बतौर अतिथि आमंत्रित किए गए हैं।

टाटानगर से चलने वाली 4 ट्रेनें रही रद्द, परेशानी

JAMSHEDPUR : चक्रधरपुर रेल डिवीजन में विकासात्मक कार्यों के कारण टाटानगर से चलने वाली 4 ट्रेन शनिवार को रद्द रही। शनिवार को टाटा-हटिया एक्सप्रेस, पुरुलिया-झारग्राम स्पेशल, टाटा-बरकाकाना-टाटा स्पेशल और टाटानगर -गुवा-टाटानगर के रद्द रहने से छोटे और आस-पास जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हुई। प्रतिदिन कामकाज के लिए आने जाने वाले कर्मचारी खासा परेशान रहे, जो कि ट्रेनों से ही यात्रा करते है।

कन्वाई चालकों की पुरानी सूची में हो रहा फेरबदल

JAMSHEDPUR : टाटा मोटर्स कन्वाई चालकों के एक गुट ने शनिवार को पत्र लिखकर टाटा मोटर्स प्रबंधन को शिकायत की है कि टीटीसीए के कुछ अधिकारी गलत ढंग से कुछ बाहरी चालकों का नाम कन्वाई चालकों की सूची में डाल रहे है। टाटा मोटर्स के द्वारा बनाए जाने वाले वाहनों को पहुंचाने के लिए 1970 में बनी 975 कान्वाई चालकों की सूची में किसी प्रकार का फेरबदल की अनुमति जिला प्रशासन ,श्रम विभाग और टाटा मोटर्स प्रबंधन ने नहीं लिया है। तो फिर सूची में फेरबदल कैसे हो रहा है। कई लोगो के नाम जोड़े गए है। इस मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएं।

सिदगोड़ा में बास्केटबॉल कोर्ट का हुआ उद्घाटन

JAMSHEDPUR : सिदगोड़ा के टाउन हॉल परिसर में शनिवार को बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन पूर्व ओलिंपियन हरभजन सिंह ने शनिवार को किया। यह बास्केटबॉल कोर्ट जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की विधायक निधि से तैयार हुआ है। कोर्ट का उद्घाटन करने के बाद पूरे ओलंपियन हरभजन सिंह ने कहा कि पिछले साल विधायक सरयू राय ने कहा था कि वह सालभर में बास्केटबॉल कोर्ट तैयार कर देंगे और उन्होंने ऐसा करके दिखा दिया। इस अवसर सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर में खेलकूद का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर है। यहां से बड़े खिलाड़ी भी निकले हैं, लेकिन ये सब टाटा स्टील के कंट्रोल में है। वहां हर किसी की पहुंच नहीं है।

रनिया थाना के कोयनारा जराकेल गांव की घटना

नहाने के दौरान नदी में डूबकर दो छात्राओं की चली गई जान

- शादी समारोह में भाग लेने अपने परिवार के साथ रिश्तेदार के घर आई थी जेनल

परिजन को सांत्वना देते लोग।

PHOTON NEWS KHUNTI : रनिया थाना क्षेत्र के कोयनारा जराकेल गांव के पास शनिवार को कोयनारा नदी में डूबने दो छात्राओं की मौत हो गई। मृतकों में मुरहू थाना क्षेत्र के दरला जामटोली निवासी जीवन तिडू की पुत्री असरिता तिडू (15) और रनिया थाना क्षेत्र के कोयनारा जराकेल गांव की जेम्स कोनगाड़ी की बेटी जेनल रानी कोनगाड़ी (25) शामिल हैं। असरिता खूंटी के एसडीए स्कूल में नवीं कक्षा की छात्रा थी, जबकि जेनल रांची से बीएड कर रही थी। जानकारी के अनुसार रनिया थाना के कोयनारा जराकेल निवासी जेम्स जेनेथ कोनगाड़ी के घर में गुरुवार को शादी समारोह था। जेनल अपने परिवार के साथ शादी समारोह में भाग लेने गई थी। शनिवार को असरिता और उसकी मां मरियम तिडू के साथ जेनल भी कोयनारा नदी नहाने गई थी। मरियम नदी किनारे कपड़ा धो रही थी और असरिता और जेनल नदी में नहा रही थी। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में डूब गई और दोनो की वहीं मौत हो गई। रनिया थाना की पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों शवों को नदी से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया किशोर डूबा

PALAMU : सदर थाना क्षेत्र के पोखरहा निवासी नरेंद्र कुमार को क्या पता था कि उनका 16 वर्षीय पुत्र अश्विनी कुमार शाम के समय तालाब में नहाने जा रहा है तो यह उसकी आखिरी शाम होगी। वह जीवित लौटकर नहीं आएगा। शुक्रवार की शाम को अश्विनी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार देर शाम की है। 16 वर्षीय अश्विनी अकेले नहीं गया था बल्कि वह अपने दोस्तों के साथ घर के पास के तालाब में नहाने गया था। बताया जाता है कि तालाब में नहाने के दौरान ही अश्विनी तालाब की गहराई में चला गया। एक बार गहराई में चले जाने के बाद वह वापस नहीं निकल सका। गहरे पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। तालाब के गहरे पानी में डूब जाने के बाद अश्विनी के दोस्त भी काफी परेशान हुए। जब अश्विनी बाहर नहीं निकला तो उसके दोस्तों ने ही अश्विनी के परिवारवालों को जानकारी दी कि वह पानी में डूब गया है। इसके बाद घटना के बारे में सदर थाने को जानकारी दी गई। सूचना मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से अश्विनी को बाहर तो निकाल लिया गया लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके बाद रात 9.30 के करीब शव को लेकर मेदिनीराय मेडिकल कालेज एवं अस्पताल लेकर पहुंचे। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में रात में ही पोस्टमार्टम कर शव को परिवारवालों के हवाले कर दिया गया।

आजसू ने बलिदान दिवस पर लगाए सैकड़ों पौधे

कार्यक्रम में मौजूद आजसू कार्यकर्ता।

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : आजसू पार्टी, पूर्वी सिंहभूम जिला समिति ने शनिवार को सभी विधानसभा में पार्टी का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इसके साथ ही युवाओं को जोड़ने और सभी जिला में 1000 पौधे लगाए गए। जिला कमेटी का मुख्य कार्यक्रम एग्रिको क्लब हाउस में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि आज का दिन आजसू पार्टी का स्वर्णिम दिन है। इस दिन निर्मल महतो की सोच उनकी परिकल्पना और सुदेश महतो के लंबे संघर्ष की बदौलत ही इस अलग राज्य का उदय हुआ। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, पार्टी के केंद्रीय प्रशिक्षक स्वप्न कुमार सिंहदेव, चंद्रगुप्त सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने की, जबकि संचालन प्रवक्ता अप्पू तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन हेमंत पाठक ने किया। इस दौरान सागेन हांसदा, डोमन टुडू, रविशंकर मौर्या, संजय सिंह, संजय मलाकार, प्रकाश विश्वकर्मा, अशोक मंडल, धनेश कर्मकार, देवाशीष चौधरी, ललन झा, सचिन प्रसाद, आकाश सिन्हा, अरुप मल्लिक, शैलेंद्र सिन्हा सहित सभी मंडल अध्यक्ष और सचिव, सभी प्रखंड अध्यक्ष और सचिव मौजूद रहे।

पार्किंग में खड़े वाहन से 80 किलो गांजा बरामद

PHOTON NEWS LOHARDAGA : नशे के सौदागर नित नए तरीके अपना अपने अवैध कारोबार का संचालन कर रहे हैं। खुफिया जानकारी पर कभी-कभी पुलिस को बड़ा हाथ लग भी जा रहा है। पुलिस को नई सफलता लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्हेपाट गांव में मिली है। यहां पार्किंग में खड़े वाहन में छिपाकर गांजा रखा हुआ था। पुलिस ने छापामारी की तो उसे बड़ी सफलता के रूप में 80 किलोग्राम गांजा बरामद करने में सफलता मिल गई। पुलिस की टीम ने लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्हेपाट गांव में तौफीक अंसारी के घर दबिश देने पहुंची थी। यहां तौफीक के घर की पार्किंग में खड़े वाहन की तलाशी ली गई। इस वाहन से लगभग 80 किलो गांजा बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने दंडाधिकारी की मौजूदगी में तौफीक के घर की भी तलाशी ली। उसके घर से कुछ भी बरामद नहीं हुआ। वहीं, इस मामले में आरोपित तौफीक फरार बताया जा रहा है। गांजा तस्करी के आरोपी तौफीक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है। दरअसल, लोहरदगा के एसपी हारिस बिन जमां को गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में गांजे की तस्करी की जा रही है।

बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ कराएगा 1100 श्रद्धालुओं को निशुल्क कांवर यात्रा

कार्यक्रम में मौजूद लोग।

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : सावन के पावन माह में बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ इस बार 1100 श्रद्धालुओं को निशुल्क कांवर यात्रा कराने का लक्ष्य रखा है। साकची स्थित अग्रसेन भवन में शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में संस्था के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने बताया कि जमशेदपुर से सुल्तानगंज तक की कांवर यात्रा में इस बार सोनारी, कदमा, बिष्टुपुर, साकची और मानगो के शिवभक्त शामिल होंगे। यात्रा के लिए 1 जुलाई से पंजीयन आरंभ होगा। 18 वर्ष से अधिक एवं 60 वर्ष से कम उम्र के महिला-पुरुष ह्यपहले आओ पहले पाओह्न की तर्ज पर शामिल किए जाएंगे। पंजीयन के बाद सभी यात्रियों को फोटोयुक्त पहचान पत्र और ड्रेस कोड उपलब्ध कराया जाएगा। संस्था पांच पांच वर्ष से यह आयोजन कर रही है। यात्रा में आवासन, भोजन सहित इलाज तक की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। रास्ते में भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालु 18 कोच बस, दर्जनों छोटी गाड़ी एवं रेल सेवा से आवागमन करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में किशोर बर्मन, अरविंद महतो, प्रो. यूपी सिंह, रविशंकर सिंह, दुर्गा चरण मिश्रा, पंकज गुप्ता, हेमंत सिंह, जगदीश तिवारी, संतोष चौहान, सुशील शर्मा, संजय मुखी, उपेंद्र शर्मा, संदीप शर्मा, अजय लोहार, राम सिंह कुशवाहा आदि भी उपस्थित थे।

चिरेका में हाई टेंशन ट्रांसफॉर्मर का आयल बदलने के दौरान हुआ ब्लास्ट

PHOTON NEWS JAMTARA : चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना के अंदर ईआरएस शाप में शनिवार को हाइटेंशन ट्रांसफार्मर का आयल बदलने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान ट्रांसफार्मर अचानक ब्लास्ट कर गया और इससे निकले गर्म तेल की चपेट में आकर पांच कर्मी गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में तीन चिरेका कर्मी व दो ठेका कर्मी शामिल हैं। घायलों में तीन चिरेका कर्मी असीम सिन्हा, चिन्मय कैंटी, तापस टिकेदार, दो ठेका कर्मी कुल्टी के नंद किशोर रजक व रासबिहारी कर्मकार शामिल हैं। घटना के बाद कर्मचारी तथा अधिकारी घटनास्थल एवं अस्पताल पहुंचे। सभी घायलों को चिरेका के कस्तूरबा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में शाप के एसएसई असीम सिन्हा की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना चिरेका महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा को मिलते ही कस्तूरबा गांधी अस्पताल पहुंच घायलों का हालचाल जाना। मौके पर महाप्रबंधक ने कहा कि अभी हमारी पहली प्राथमिकता यह है कि सभी घायलों को बेहतर इलाज मिले। कहा कि जितना हमारे अस्पताल में प्राथमिक उपचार हो सकेगा करेंगे, जरूरत पड़ने पर मिशन अस्पताल दुगार्पुर में इनका इलाज कराया जाएगा। दुर्घटना होने की क्या वजह रही इसकी जांच के लिए मुख्य विद्युत अभियंता घटनास्थल स्थल गए हैं। भविष्य में ऐसी घटना न हो इसपर कार्यवाही की जा रही है।

साइकिल व बाइक से टक्कर, एक की मौत

PALAMU : सड़कों पर तेज रफ्तार और कहीं पहुंचने को लेकर जल्दीबाजी दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। सड़क दुर्घटना का शिकार होनेवालों की कड़ी में एक नाम और जुड़ गया, बंदुआ निवासी विजय चौधरी। चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर ग्रामीण बैंक के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस जोरदार टक्कर में घायल हुए विजय चौधरी की बाद में मौत हो गई। यह घटना शनिवार सुबह 8-9 बजे के बीच की है। बाइक के साथ हुई टक्कर में साइकिल पर सवार बंदुआ निवासी विजय चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद मौके पर लोगों की जुटान हो गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में विजय चौधरी को लोगों के सहयोग से मेदिनीराय मेडिकल कालेज एवं अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

दूषित पानी पीने से 20 स्कूली बच्चे हुए बीमार

अस्पताल में इलाजरत बच्चे।

PHOTON NEWS LATEHAR : जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत दुरु प्राथमिक विद्यालय में दूषित पानी पीने से शनिवार को 20 बच्चे बीमार पड़ गए। गंभीर अवस्था में सभी बच्चों को एंबुलेंस से चंदवा अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का इलाज किया। हालांकि सभी बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार को बच्चे स्कूल गए थे। नाश्ता के बाद बच्चों ने जब टंकी का पानी पीया तो पानी में कुछ दुर्गंध आने की शिकायत शिक्षक से की। थोड़ी देर में पानी पीने वाले बच्चे उल्टी करने लगे। स्थिति को देखकर शिक्षक ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को घटना की जानकारी दी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस लेकर स्कूल पहुंची और सभी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। डॉ तरुणेश जोश लकड़ा की निगरानी में सभी बच्चों का इलाज किया गया। जांच के बाद चिकित्सा में बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर बताई। परंतु बच्चों को अभी चिकित्सा निगरानी में रखने की बात कही। इधर इस संबंध में मुखिया सीतमोहन मुंडा ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें शिक्षकों से मिली। शिक्षकों ने बताया कि बच्चों के द्वारा जब यह बताया गया कि पानी में बदबू है तो शिक्षक पानी की टंकी की जांच की। टंकी में कुछ सफेद रंग का पदार्थ पड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि किसी शरारती तत्व ने कोई पदार्थ पानी में मिला दिया हो।

1032 तकनीशिन और 1001 सहायक लोको पायलट होंगे बहाल

JAMSHEDPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे जोन में सेफ्टी कैटेगरी को रेलवे बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। रेलवे बोर्ड के आदेश पर चक्रधरपुर मंडल को 400 सहायक लोको पायलट मिलेंगे। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन को 1001 सहायक लोको पायलट बहाली का आदेश हुआ है। इसके साथ ही 1032 तकनीशियों की बहाली को स्वीकृति मिली है। पूरे देश भर के 16 रेलवे जोन को मिलाकर 30,365 तकनीनिशयों और 18,500 हजार से अधिक सहायक लोको पायलट की बहाली का आदेश दिया है। इससे रेलवे रिक्रूटमेंट सेल की ओर से जल्द ही कंप्यूटर बेस्ड विभागीय प्रमोशन परीक्षा आयोजित करने की उम्मीद है, ताकि ट्रेनों की बढ़ती संख्या के अनुरूप लोको पायलट भी उपलब्ध हो सकें। इधर, ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के पारस कुमार ने बहाली के आदेश की सराहना की है।

धनबाद में साइबर ठग गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

PHOTON NEWS DHANBAD : ऑन लाइन गेमिंग के माध्यम से लोगों को ठगने वाले तीन शातिर साइबर ठगों को धनबाद पुलिस ने झरिया से गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस को एक पासबुक में एक करोड़ से अधिक का ट्रांजेक्शन मिला है। साथ ही पुलिस को इन शातिर ठगों के पास से अन्य चींजे भी मिली हैं। यह जानकारी सिंदरी एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रसाद राउत ने शनिवार को झरिया थाना में पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि झरिया थाना क्षेत्र के बनियाहीर 10 नं का रहने वाला रविरंजन कुमार ठाकुर कुछ लोगों के साथ मिलकर ऑन लाईन गेमिंग ठगी, साईबर ठगी, ऑन लाईन मोबाईल ठगी, फर्जी ए.टी.एम. कार्ड, फर्जी सीम कार्ड बनाकर लोगों को झांसा देकर ठगी कर रहा है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिन्दरी के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया। पुलिस टीम ने घटना में शामिल तीन अभियुक्तों रविरंजन ठाकुर, किशोर कुमार सिंह, सुहैल अली अंसारी को गिरफ्तार किया। इनके पास से मोबाईल फोन, फर्जी एटीएम कार्ड, फर्जी सीम कार्ड, क्यूआर कोड, बैंक खाता, चेकबुक एवं अन्य कागजात बरामद किया गया। जांच के क्रम में अभियुक्तों के खाते से करीब एक करोड़ रुपये से अधिक के लेन-देन के सबूत मिले। इस गिरोह के मास्टरमाइंड का राज्य तथा देश से बाहर रह कर ठगी कराने का भी पता चला है।

गोविंदपुर में दवा दुकानदार युवक ने की आत्महत्या

JAMSHEDPUR : गोविंदपुर स्थित कैलाश नगर निवासी दवा दुकानदार राजकुमार शर्मा (45) ने शुक्रवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिवार के सदस्यों को शनिवार को लगी। सुबह घर वालों ने दरवाजा खटखटाया, जब नहीं खुला तो दरवाजा तोड़ा गया। देखा कि शव फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। गोविंदपुर थाना की पुलिस का कहना है कि राजकुमार शर्मा बीमार चल रहे थे। उनकी बीमारी लंबे समय से ठीक नहीं हो रही थी। होमियोपैथी से वे अपना इलाज करा रहे थे। बताया जा रहा है कि बीमारी ठीक नहीं होने के कारण ही वे तनाव में थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से सुसाइडल नोट भी बरामद किया है, जिसमें उसने लिखा था कि उसका इलाज बारीडीह के एक एक्यूप्रेशर वाले के पास चल रहा था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

29 अगस्त 2022 को कुछ असामाजिक तत्वों ने कच्चे मकान को ढ़ाह कर जबरन कर लिया था कब्जा

अब तक पुनर्वासित नहीं हुआ मुरूमातू के महादलित

मुरूमातू के महादलित परिवार।

PHOTON NEWS PALAMU : जिले के पांडु थाना क्षेत्र के मुरूमातु गांव के महादलित मुसहर परिवार को अभी तक पुनर्वासित नहीं किया जा चुका है। तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी के अनुसार विगत पांच वर्षों से मुसहर परिवार के सदस्य मुरूमातु गांव के खाता सं.-44, प्लॉट सं.-437 में मकान बनाकर रहते आ रहे थे। 29 अगस्त 2022 को कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा उनके कच्चे मकान को ढ़ाह कर परिवार के लोगों को जबरन गाड़ी में बैठाकर लोटो जंगल में छोड़ दिया गया था। असामाजिक तत्वों का यह अमानवीय कृत्य था। उक्त बातें पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने कही। शनिवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार मुरूमातु थाना नं.-595, खाता सं.-44, प्लॉट सं.-437 किसी के नाम से बंदोबस्त नहीं है। ऐसी परिस्थिति में मुसहर परिवार के लोग जब पिछले पांच वर्षों से मकान बनाकर रहते आ रहे थे, तब पांडु प्रशासन के पदाधिकारियों के द्वारा समाज के अत्यंत पिछड़ा वर्ग मुसहर जाति के लोगों के लिए उक्त प्लॉट की बंदोबस्ती क्यों नहीं की गयी? तत्कालीन पांडु प्रशासनिक पदाधिकारियों ने यह भी जानने की कोशिश नहीं की कि भूमिहीन मुसहर परिवार के लोग किस अवस्था में रह रहे हैं। यदि वे भूमिहीन थे तो उनके लिए सुयोग स्थान पर सरकारी भूमि उपलब्ध कराकर उन्हें पुनर्वासित करने की जिम्मेवारी पांडु प्रशासन के पदाधिकारियों की थी। झारखंड सरकार का यह संकल्प भी है कि राज्य के भूमिहीन व्यक्तियों के लिए आवास एवं खेती के लिए जमीन उपलब्ध कराया जाये। सरकार के उक्त संकल्प के क्रियान्वयन में पांडु के तत्कालीन संबंधित पदाधिकारी बाधक प्रमाणित हुए हैं। मेरे दृष्टिकोण से सरकारी संकल्प के क्रियान्वयन के बाधक प्रशासनिक पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की आवश्यकता होनी चाहिए।29 अगस्त 2022 को जब मुरूमातु गांव अवस्थित मुसहर परिवार को विस्थापित कर दिया गया तब आनन-फानन में जिला तथा पांडु प्रशासन के पदाधिकारियों के द्वारा बिना जमीन की बंदोबस्ती किए मुरूमातु गावं से पांच किमी. की दूरी पर नेवरी गांव के बांकी नदी के किनारे अम्बेडकर आवास निर्माण की स्वीकृति का पत्र निर्गत किया गया। नेवरी गांव के ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी, पांडु को लिखित आवेदन देकर कहा है कि खाता सं.-42, प्लॉट सं.-37 में कोई जमीन खाली नहीं है। पीड़ित मुसहर परिवार के लोगों ने भी शपथ पत्र दायकर कर कहा है कि तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बहला-फुसलाकर तथा धोखे में रखकर अम्बेडकर आवास उन्हें दी गयी है। उक्त नेवरी गांव के जमीन पर वे नहीं बसेंगे। इस मामले में तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने पांडु थाना में प्राथमिकी (सं.-69/22) दर्ज कराते हुए कहा है कि धर्मदेव यादव व अन्य व्यक्तियों के द्वारा ग्राम नेवरी में सरकारी अम्बेडर आवास नहीं बनने दिया जा रहा है तथा मुसहर-मुसलमान के बीच विवाद उत्पन्न कर अशांति फैलायी जा रही है। प्रश्न यह उठता है कि जब अंचल अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार मुरूमातु गांव के खाता-44, प्लॉट-434 किमी धर्म-समुदाय या व्यक्ति के नाम से बंदोबस्त नहीं है तब प्राथमिकी में मुसहर-मुसलमान के बीच शांति भंग करने का क्या औचित्य है?

पूर्व के विवाद को लेकर गिरिडीह में युवक की हत्या

GIRIDIH : जिले के मुफ्फसिल थाना इलाके के महेशपुर गांव में एक युवक की हत्या कर गई। उसका शव शुक्रवार रात 9:30 बजे घर से 50 मीटर की दूरी पर मिला। मृतक के चाचा फागू मंडल का आरोप है कि संदीप मडल (35) को पहले उसके निमार्णाधीन घर से प्रयाग मंडल, लक्ष्मण मंडल, तेजलाल मंडल, सुनील मंडल, राजू मंडल, निर्मल मंडल समेत अन्य ने जबरन उठा लिया। फिर पंकज मंडल के घर ले जाया गया, जहां पर उसकी हत्या कर दी गई। अंधेरा होने के बाद शव को फेंक दिया गया। फागू मंडल के मुताबिक, 31 मई को भी हत्यारोपियों ने हमला किया था। बोरिंग के विवाद में पहले गाली दी गई और फिर हमला कर घायल कर दिया गया। इस घटना को लेकर दोनों पक्षों की तरफ से एफआईआर दर्ज किया गया। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दूसरे पक्ष के लोगों को गिरफ्तार नहीं किया गया।

हाई टेंशन तार की चपेट में आने से बस में लगी आग

- बड़ा हादसा टला, उपचालक सहित दो लोग झुलसे

PHOTON NEWS DUMKA : दुमका जिला के दिग्घी ओपी क्षेत्र अंतर्गत श्री अमडा में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। दरअसल, बस हाई टेंशन तार की चपेट में आ गई। जिसकी वजह से बस में आग लग गई। इस घटना में दो लोग झुलस गए। दरअसल, शिव शक्ति बस बारात लेने तेलियाचक नवाडीह जा रही थी। इस दौरान ग्रामीण सड़क में अचानक बस से हाई टेंशन तार के संपर्क में आ गया। तार के संपर्क में आते ही बस में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा बस आग की लपटों से घिर गया। इसे देखकर बस का चालक तुरंत बस छोड़ बाहर कूद गया। लेकिन बस का खलासी सहित दो लोग बच कर निकलने में नाकामयाब रहे। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बस कर्मियों को बाहर निकाला गया। दोनों कर्मी आग में झुलस गए हैं जिन्हें फूलो झानो मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन आग बुझाने में देरी हो गई जिस वजह से पूरा बस जल की खाक हो गया। इस हादसे में गनीमत रही कि बस में यात्री सवार नहीं थे। वरना बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। बस जलने की घटना का वीडियो सामने आया है।

मुख्यमंत्री नीतीश ने किया महोत्सव का शुभारंभ बच्चे चखेंगे आमों की वैरायटी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के ज्ञान भवन में आयोजित आम महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ कृषि मंत्री मंगल पांडेय भी थे। कृषि विभाग ने आम की ब्रांडिंग को लेकर महोत्सव आयोजित किया है। अगले दो दिनों तक बिहार के तमाम आम की वैराइटी यहां देखने को मिलेगी। हालांकि इस दौरान मंगल पांडेय ने नीट मामले पर रिएक्शन देते हुए कहा कि पेपर लीक मामले की जांच चल रही है। जो भी दोषी होंगे, उस पर कार्रवाई होगी। कृषि विभाग की ओर से आयोजित आम महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। महोत्सव 23 जून तक रहेगा।

इस दौरान किसानों को आम की नई प्रजातियां लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ज्ञान भवन में राज्यस्तरीय आम महोत्सव, 2024 का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव को आकर्षक, ज्ञानवर्द्धक एवं मनोरंजक बनाने का हरसंभव प्रयास किया गया है। आम महोत्सव में स्टॉल लगाए

आम उत्पादकों ने कहा कि सरकार के ऐसे इनिशिएटिव से उन्हें बड़ा मार्केट मिलता है। साहस मिलता है। सहारा भी मिलता है। स्कूल और कॉलेज के बच्चे राज्य में उत्पादित आम के विभिन्न किस्मों से रूबरू हो सकेंगे। आम खाओ प्रतियोगिता में आम का स्वाद भी चखेंगे। कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने बताया कि राज्य में 1.63 लाख हेक्टेयर में आम की बागवानी है एवं 15.76 लाख टन का उत्पादन होता है। आम की तुड़ाई की अवधि 4-5 महीने होती है।

कम अवधि में अधिक उत्पादन होने के कारण बड़ी मात्रा में उत्पाद सड़ जाते हैं। उत्पादकों को राजस्व की क्षति होती है।

राज्य सरकार के महोत्सव में कई बड़े निर्यातकों, प्रसंस्करणकर्ता, उद्यमियों को बुलाया गया है, जो सीधे उत्पादक किसान,किसान समूह से संवाद करेंगे एवं बिहार के आम को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंचाने और प्रसंस्करण व्यवस्था की जाएगी।

पटना वालों का इंतजार होगा खत्म इस दिन होगी झमाझम बारिश

बिहार। में मानसून का प्रवेश 20 जून को हो गया है। उत्तर बिहार के जिले किशनगंज, पूर्णिया, अररिया और कटिहार में झमाझम बारिश हो रही है। पटना के लोगों को अभी भी मानसून की बारिश का इंतजार है। शहर के कुछ जगहों प्री मानसून की बारिश हुई थी, लेकिन उमस अभी भी बरकरार है। जानिए कि आखिर पटना में बारिश कब होगी और यह इंतजार कब खत्म होगा। पटना मौसम विभाग केंद्र की मानें तो फिलहाल दक्षिण-पश्चिम मानसून अभी झारखंड के साहिबगंज और बिहार के रक्सौल होते हुए गुजर रही है। बिहार के बाकी जिलों में भी आने को लेकर इसकी परिस्थितियों अनुकूल है। ऐसे में देखा जाए तो अगले दो से तीन दिनों में राजधानी में झमाझम बारिश का सिलसिला शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग से जारी अपडेट के अनुसार 24 को पटना में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। 25 जून को झमाझम बारिश होगी। इसके अलावा इस दिन गया, जहानाबाद, शेखपुरा, नालंदा, नवादा, बेगूसराय और लखीसराय में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद जताई गई है। पिछले तीन दिनों की बात करें तो मंगलवार को पटना का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के करीब था। शुक्रवार को पटना का अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच आ गया है। तीन दिनों में 6 डिग्री तक तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस पूरे हफ्ते पटना का न्यूनतम तापमान 25 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

व्यवसायी की पत्नी ने चौथे मंजिल से कूदकर दी जान

गया। में हार्डवेयर व्यवसायी की पत्नी ऋचा सेठ ने अपार्टमेंट की चौथी मंजिला से कूदकर जान दे दी है। सिर के बल गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। जिस समय ऋचा ने किचन की खिड़की से छलांग लगाई, उस समय उसका पति राजन सेठ वॉशरूम में था। घटना की सूचना मिलने के बाद रामपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपार्टमेंट के चौथी मंजिल के 403 नम्बर फ्लैट में राजन सेठ अपनी पत्नी के साथ रहते थे। पुलिस फ्लैट में पहुंची तो वहां किचन में ब्लड के धब्बे मिले। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है। पिछले कुछ दिनों से राजन सेठ बिजनेस टूर पर दिल्ली गए थे। शुक्रवार की रात ही लौटे थे। फ्लैट में रहने वाले लोगों के बीच चर्चा है कि रात में क्या हुआ कि ऋचा सेठ सुबह आत्महत्या कर ली। इस सवाल को पुलिस भी तलाश रही है। लोगों का यह भी कहना है कि राजन सेठ का हार्डवेयर का अच्छा कारोबार है। उसका अपना पैतृक घर रेलवे सिनेमा घर के पास है, लेकिन यहां पिछले कुछ सालों से रह रहे थे। पिता से उसकी किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने बताया कि ऋचा को शुक्रवार को अपने बच्चे के साथ कैंपस में मस्ती करते देखा था। उस समय तो सब कुछ ठीक लग रहा था। शनिवार सुबह को भी राजन सेठ अपने 4 साल के बच्चे के साथ खेलते देखे थे। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि ऋचा डिप्रेशन में थी। उसे पिछले एक साल से कोई बीमारी थी, जो ठीक नहीं हो रही थी। इधर रामपुर थाने के इंस्पेक्टर का कहना है कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब तक इस मामले में महिला के पक्ष से किसी का आवेदन नहीं आया है। पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। लोगों से पूछताछ कर रही है। कोई ठोस जानकारी मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बिहार में टीचर्स की सक्षमता परीक्षा 2.0 स्थगित

बिहार। विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा-2.0 को स्थगित कर दिया है। इस संबंध में बोर्ड की ओर से नोटिस जारी किया गया है। 26 से 28 जून तक परीक्षा का आयोजन होना था। जारी नोटिस में कहा गया है कि प्रिंसिपल पद के लिए 28 जून को परीक्षा का आयोजन होना है। ऐसे में सक्षमता परीक्षा के दूसरे चरण की तारीख को आगे बढ़ाया जा रहा है। अब आगे परीक्षा कब होगी, इसको लेकर बोर्ड की ओर से नई तारीख जल्द ही जारी की जाएगी। सक्षमता परीक्षा-2.0 के लिए कुल 85 हजार नियोजित शिक्षकों ने आवेदन किया था। बता दें, कि सेकेंडरी स्कूल के

प्रधान शिक्षक की परीक्षा 28 जून और प्राइमरी स्कूल के प्रधान शिक्षक की परीक्षा 29 जून को होगी। इन दोनों परीक्षा के जरिए 40 हजार पदों पर बहाली होगी। इसमें उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रिंसिपल के 6 हजार 61 और प्राइमरी स्कूल में प्रिंसिपल के 34 हजार 86 पद शामिल हैं। सक्षमता परीक्षा 2.0 में भी अलग-अलग कक्षाओं के लिए सात श्रेणी में कुल 59 विषयों की परीक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जाएगी। इसमें कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं है। पहली से पांचवीं में एक विषय की परीक्षा होगी। छठी से आठवीं में 8 विषय, माध्यमिक (नवमीं से दसवीं) में 19 और उच्च माध्यमिक (11वीं से 12वीं) में 31 विषयों की परीक्षा ली जाएगी। प्रारंभिक, हाईस्कूल और इंटर स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले कोर्स से सवाल पूछे जाएंगे। सक्षमता परीक्षा में कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। जिसमें कक्षा 1 से 5 के लिए के लिए भाषा से 30, सामान्य अध्ययन से 40 और सामान्य विषय से 80 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसी तरह के अंक प्रश्न छठी से आठवीं, नौवीं व दसवीं और 11वीं व 12वीं के नियोजित शिक्षकों से पूछे जाएंगे।

19 सीटों पर क्यों और किनकी वजह से हारे 2 दिन चले मंथन में ढूंढा गया

पटना। लोकसभा चुनाव में 23 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली राजद केवल 4 सीटें जीत पाई। 19 पर हार का मुंह देखना पड़ा। हालांकि, 2019 के मुकाबले इस बार के परिणाम को अच्छा ही कहेंगे, क्योंकि तब राजद शून्य पर थी और अब 4 सीटों के साथ उसका लोकसभा में खाता खुल गया है। इधर, वोटों पर गौर करें तो राजद को 22.14 फीसदी वोट मिले। जबकि, 2019 में 15.7 फीसदी वोट मिले थे। इस बार तेजस्वी ने ताबड़तोड़ ढाई सौ से



ज्यादा रैली-सभा करके एनडीए के सामने मुश्किल खड़ी की, लेकिन उसके मुताबिक सफलता नहीं मिली। राजद को ज्यादातर जगहों पर वोट तो अच्छे मिले, लेकिन कुछ रणनीति से जुड़ी गलतियां हो गईं। कई जगहों पर यादवों और मुसलमानों का वोट भी गड़बड़ाता दिखा। चूंकि, अब सामने विधानसभा चुनाव है, जिस पर राजद का हाई फोकस है। इसका कारण है- तेजस्वी यादव को हर हाल में सीएम बनवाना। यही अरमान लालू यादव के भी हैं, लेकिन अब आगे बढ़ने से पहले राजद सब कुछ फूल प्रूफ कर लेना चाह रही है। जेडीयू से राजद में आईं जेडीयू की रुपौली विधायक बीमा भारती को पूर्णिया से टिकट दे दिया। कांग्रेस मुंह ताकती रह गई, कुछ कर नहीं सकी।

तेजस्वी यादव लूट रहे थे सरकार का खजाना:नीरज बबलू

सहरसा। के नयाबाजार स्थित अपने निजी आवास पर पीएचडी मंत्री नीरज कुमार बबलू ने बयान दिया है। यहां उन्होंने कहा है कि बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जब सत्ता में थे, तो सरकार का खजाना लूट रहे थे। सत्ता से हटे, तो NDA सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। पीएचडी मंत्री नीरज कुमार बबलू ने कहा कि विपक्ष के लोग खासकर के राजद के युवराज तेजस्वी यादव सरकार को लगातार बदनाम करने की कोशिश करने में लगे हुए है। जब यह सत्ता में थे, तो सरकार के खजाना को लूट रहे थे, जब सत्ता से बाहर हो गए है, तो ठऊअ सरकार को कुछ न कुछ बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। वह लगातार कुछ न कुछ षडयंत्र करते हैं। वह चुप हो गए है और कुछ जवाब नहीं दे रहे हैं। जिस तरह से उनका पीए का सीधे नाम आ रहा है। यह लोग सरकार को बदनाम करने का का षडयंत्र कर रहे हैं। NDA की सरकार मजबूती से चल रही है। इसलिए, षडयंत्र कर रहे हैं।

संक्षिप्त डायरी

पिलर के धंसते ही ढह गया 30 फीट लंबा पुल 5 दिन पहले अररिया में टूटा था ब्रिज

बिहार। में 5 दिनों में दूसरा पुल ढह गया। शनिवार सुबह सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर बना पुल अचानक टूट गया। एक पिलर के धंसते ही पुल भर-भराकर नहर में समा गया। हादसे का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि पिलर अपनी जगह से खिसकता है, धीरे-धीरे पुल धराशायी हो जाता है। पुल के टूटने से दो गांव के बीच का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग ने नहर की सफाई कराई थी। नहर की मिट्टी काटकर बांध पर फेंकी गई थी। इस वजह से पुल का पिलर काफी कमजोर हो गया था, जिसके कारण टूट गया। इससे 5 दिन पहले अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले मंगलवार को नदी में समा गया था। पुल 31 करोड़ रुपए की लागत से बना था। पिछले 13 साल में यह पुल तीसरी बार बन रहा था। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि नहर की सफाई के दौरान विभाग ने सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया, जिससे पुल के पिलर पर अतिरिक्त भार पड़ गया और यह हादसा हो गया। इस पुल की चौड़ाई लगभग 30 फीट थी। लगभग 30 साल पहले इस पुल का निर्माण कराया गया था। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन पुल के टूटने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। इससे ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों का स्कूल जाना, किसानों का खेतों तक पहुंचना और मरीजों का अस्पताल जाना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय बलराम साह ने बताया कि यह पुल गांव के ही लोगों ने 1990 में बनवाया था। चंदा जमा करके नींव और 3 खंभे बनाए गए थे। बाद में तब के विधायक उमाशंकर सिंह ने लोगों की मांग पर पुल की ढलाई का काम कराया था। हाल में गंडक विभाग के लोगों ने नहर की सफाई करने के दौरान पिलर के पास की मिट्टी निकाल दी। आज पानी आया और कमजोर हो गया पिलर टूट गया। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के बाद से अभी तक कोई भी सरकारी अधिकारी स्थिति का जायजा लेने नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन की इस अनदेखी के कारण उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पुल के टूटने से संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन किसी से संपर्क नहीं हो पाया। इस घटना से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। उनका कहना है कि प्रशासन को तुरंत इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए और पुल की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द शुरू करना चाहिए। इसके साथ ही ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि इस घटना की जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद महाराजगंज के भूमि सुधार उप समाहर्ता (DCLR) श्रीराम रंजन सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आवागमन बाधित नहीं हुआ है। यहां से एक किलोमीटर दूर दूसरा पुल है, उससे लोग आवाजाही कर रहे हैं। पुल गिरने के कारणों पर उन्होंने कहा कि इसके बारे में स्थानीय लोग ही बता सकेंगे। उन्हीं के सहयोग से 1991 में पुल बना था। बिहार में अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर बना पुल मंगलवार को नदी में समा गया। इस पुल को उद्घाटन का इंतजार था। पिछले 13 साल में यह पुल तीसरी बार बन रहा था। इस मामले में दो इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने का निर्देश दिया गया है।

बिहार में बीच पुल पर बंद हुई हो गई थी पैसेंजर ट्रेन

बिहार। के बगहा में पैसेंजर ट्रेन बीच पुल पर रुक गई। ट्रेन के लोको पायलट और को-लोको पायलट जान जोखिम में डालकर इंजन की गड़बड़ी ठीक की। लोको पायलट ट्रेन और ट्रैक के बीच रेंगते हुए फॉल्ट वाली जगह तक पहुंचे। वहीं उनके साथी ने पुल से लटककर तार खींचा, जिससे ट्रेन फिर से स्टार्ट हो सकी। इस पूरी घटना का वीडियो सामने आया है। गोरखपुर से नरकटियागंज तक जाने वाली 05497 सवारी गाड़ी के इंजन में एयर लीकेज हो जाने के कारण ट्रेन वाल्मीकि नगर और पनियहवा के बीच पुल पर रुक गई। जैसे ही ट्रेन वाल्मीकि नगर रोड स्टेशन से आगे बढ़ी वॉल्व से लीकेज होने लगा और ट्रेन KM–298/20 पुल संख्या 382 पर खड़ी हो गई। बीच पुल ट्रेन रुक जाने से पैसेंजर्स में अफराझतफरी का माहौल बन गया। वॉल्व पुल के बीचो-बीच लीक हुआ था। ऐसे में लीकेज को बंद करना एक चुनौती थी। इस इमरजेंसी की स्थिति में ट्रेन के लोको पायलट अजय यादव और सहायक लोको पायलट रंजीत कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना पुल पर होते हुए ट्रेन के नीचे पहुंचे। और वॉल्व को ठीक किया। जिसके बाद ट्रेन फिर स्टार्ट हो गई और सुरक्षित आगे बढ़ सकी। करीब 5 मिनट के वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक लोको पायलट रेलवे ब्रिज की पतली सी रेलिंग के सहारे धीरे-धीरे फॉल्ट वाली जगह तक पहुंचता है। वहीं दूसरा ट्रेन औऱ ट्रैक के बीच की संकरी जगह में रेंगते हुए वॉल्व तक आता है। दोनों काफी मशक्कत से वॉल्व को दुरुस्त कर लीकेज को बंद करते हैं। दोनों लोको पायलट्स की इस बहादुरी की तारीफ हो रही है। यात्री और रेलवे स्टाफ सभी उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने दोनों पायलटों को धन्यवाद देते हुए अवार्ड देने का ऐलान किया है। जब इंजन में एयर लीकेज की समस्या आई और ट्रेन रुक गई, तो यात्री परेशान होने लगे। लेकिन लोको पायलट अजय यादव और रंजीत कुमार ने साहस दिखाते हुए तुरंत समस्या का समाधान निकाला। डीआर एम विनय श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पायलट्स को रेलवे 10 हजार रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित करेगा।

सीवान के मैरवा प्रखंड में नहर का बांध टूटा



सीवान। के मैरवा प्रखंड क्षेत्र के नवादा गांव में शुक्रवार की रात नहर का बांध टूट जाने से खेतों में पानी भर गया, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। लगभग 5 एकड़ से अधिक खेतों में पानी फैल गया है। किसानों का कहना है कि उन्होंने खेतों में धान का बिचड़ा डाला था, जो पानी में डूबने के कारण खराब हो गया है। 50 से अधिक किसानों का धान की फसल बर्बाद हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही गंडक विभाग के जूनियर इंजीनियर मदन मोहन मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नहर में आउट लेट के लिए छोड़ी गई जगह पर चूहे ने होल कर दिया था, जिससे पानी का रिसाव होने लगा और बांध टूट गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बांध को फिर से बांधने की प्रक्रिया जारी है, ताकि पानी का बहाव नियंत्रित किया जा सके और और अधिक नुकसान से बचा जा सके। किसानों का कहना है कि नहर की स्थिति पर नियमित निगरानी नहीं रखी जाती है, जिसके कारण इस प्रकार की घटनाएं होती हैं। मात्र 2 साल पहले ही इस नहर का निर्माण कराया गया था। सीमेंट से ढलाई किया गया नहर है। उसके बावजूद भी नहर का एक किनारा टूट गया आई। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले और नहरों की नियमित देखरेख सुनिश्चित करे। उगाने के लिए आवश्यक संसाधन जुटा सकें। स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित किसानों को मदद का आश्वासन दिया है।

मुजफ्फरपुर में पति साली संग भागा मां समधी संग फरार

मुजफ्फरपुर। 27 जून 2021 को मेरी छोटू के साथ शादी हुई। हमारी एक साल की एक बच्ची भी है। पर मेरी छोटी बहन के साथ ही पति दिल्ली भाग निकला। वहीं, मेरी मां पति और छोटी बहन को ढूंढने के नाम पर उसके ससुराल पहुंची पर वो भी ससुर के साथ फरार हो गई। अब मैं अकेले अपने बच्चे के साथ न्याय के लिए दर-दर की ठोकर खा रही हूं। यह कहना है मुजफ्फरपुर स्थित सकरा थाना क्षेत्र निवासी सुधा कुमारी का। सुधा ने इस संबंध में सकरा थाना की पुलिस को लिखित आवेदन देकर न्याय करने की बात कही है। पति ने छोटी बहन से शादी भी कर ली है। इसकी जानकारी सुधा को सोशल मीडिया के माध्यम से मिली है। वहीं, मां और ससुर भी दिल्ली में कहीं रह रहे हैं। फरीदपुर गांव निवासी सुधा बताती हैं कि उसकी शादी बोचहां थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी

बिराजी भगत के 22 वर्षीय बेटे छोटू कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से मैं और छोटू खुशी से रह रहे थे। हमारी एक साल की बेटी मिस्टी भी है। इसी बीच मेरी 12 साल की छोटी बहन से छोटू की फोन पर बातचीत शुरू हो गई। यह बातचीत कब प्यार में बदला, पता नहीं। मेरे साथ पति का व्यवहार बदल गया। मुझ पर तरह-तरह का आरोप लगाने लगे और मुझसे दूर रहने का हर संभव प्रयास करने लगे। 3 जून को छोटू और मेरी छोटी बहन घर से भाग गए। इन दोनों ने मुजफ्फरपुर स्टेशन पर शादी कर

ली और दिल्ली चले गए। सुधा के अनुसार, वो इसके बाद मायके आ गई और पूरी घटना मां फूल कुमारी (45) को बताई। 5 जून को फूल कुमारी बोली- मैं तुम्हारे ससुराल जाकर दोनों के बारे में पता करती हूं। सुधा ने कहा, मैं भी चलती हूं। पर मां ने इनकार कर दिया। इसके बाद मां अकेले ही उसके ससुराल पहुंची और फिर वापस नहीं आई। कुछ दिनों बाद पता चला कि मां, ससुर बिराजी भगत के साथ गांव से फरार हो गई। ये दोनों भी दिल्ली में रह रहे हैं। इस घटना के बाद से सुधा के पिता उससे बात नहीं करते हैं। वहीं, बाद में पता चला कि छोटू और छोटी बहन की शादी कराने में मां का ही हाथ है। उसने छोटू को 2 हजार रुपए देकर उसकी मदद भी की है। अब मां से बात नहीं हो पाती है। उसने अपना सिम कार्ड तोड़कर फेंक दिया है। सुधा ने इसकी सूचना 9 जून को लिखित आवेदन से पुलिस को दी। लेकिन, पुलिस इस मामले में अब तक कुछ नहीं कर पाई। इधर, सकरा थाना इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि महिला ने आवेदन दिया गया है। इसके आधार पर जांच की जा रही है। वहीं, सुधा के पति छोटू कुमार ने बताया कि मेरी सास फूल कुमारी ही साली से शादी करने के लिए बार बार कह रही थी। इसके लिए मेरी सास ने मुझे पैसा और गाड़ी देने का वादा भी किया था। इस लालच में मैंने भी शादी कर ली। फिर घर से दूर एक मंदिर में आकर मेरी सास ने छोटी बेटी के साथ शादी करवा दी। अब मैं अपनी दोनों पत्नी को साथ रखना चाहता हूं।

योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षटदर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। भारत के सभी क्षेत्रों व राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत है। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी। मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे। मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं। मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, ह्यह्यआपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया। सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे। मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही योगसूत्र नामक महान ग्रंथ लिखा है। भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है। मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापस बुलाते हैं। सभी 6 मंत्रों के अंत में तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, ह्यह्ययथाभिमत्ध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है। योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है। योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि ह्यह्यजिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है ह्यह्य पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है।

सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर

ANALYSIS

✍ डॉ. अशोक कुमार भार्गव

मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई। संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफगान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और गहरा बनाने में कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था।

भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने 'मसी' और 'कागद' न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल अपने प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई। संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफगान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और गहरा बनाने में कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-



छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीर्णता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था। ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दर्शिता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर 'सूप' का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के 'थोथे' तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर का चिंतन आचरण शुद्धि, लोक कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव तथा दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन पर केंद्रित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बाह्याचारों और सामंती व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। मूर्ति पूजा का खंडन किया। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की।माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की। कबीर ने 'जाति-पांति पूछे नहि कोई। हरि को भजै सो हरि को होई' कहकर समाज को एक नई दिशा दी। कबीर की कटु आलोचनाओं से समाज के ठेकेदारों के निहित स्वार्थ जब प्रभावित होने लगे तो इन्होंने बादशाह सिकंदर लोदी से शिकायत की। काजियों ने कहा कि कबीर लोगों को इस्लाम के विरुद्ध नसीहत देते हैं जिससे मुसलमान हिंदुओं की तरह ध्यान और भजन करने लगे हैं। पंडितों ने कहा कि कबीर परंपरा से चले आ रहे धार्मिक और सामाजिक नियमों का खंडन करते हैं। लोगों को ऐसे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं जिसे न हिंदू कहा जा सकता है न मुसलमान। बादशाह ने कबीर को ऐसा न करने का आदेश दिया। किंतु कबीर झुके नहीं और निर्भय होकर कहा कि पारस्परिक मतभेदों में समन्वय कर यदि जीवन को सार्थक बनाने योग्य समता मूलक सच्चे सिद्धांतों पर अमल किया जाए तो इसमें क्या दोष है? धर्म के ठेकेदारों को यह मंजूर नही था। बादशाह भी स्वयं मुसलमान था उसने तलवार के जोर से इस्लाम का प्रचार किया। इसलिए बादशाह ने कबीर को मृत्युदंड दिया। कबीर पंथियों का मत है कि लोदी ने अनेक प्रकार के उपायों से कबीर को मरवाने की कोशिश की किंतु किसी दैवी शक्ति या चमत्कार से कबीर का कुछ नहीं हुआ। अंततः कबीर के अलौकिक व्यक्तित्व के समक्ष सिकंदर लोदी नतमस्तक हुआ और कबीर को स्वतंत्र कर दिया। एक बार कबीर को बादशाह को सलाम अदा करने के लिए कहा तब कबीर ने उत्तर दिया 'एक परमात्मा के सिवाए मालिके मखलूक और कोई नहीं । मैं उसी को सलाम करता हूं मिट्टी से बने किसी इंसान को नहीं।' कबीर के इस प्रबल आत्मविश्वास और निर्भयता के पीछे उनके अनुभव की प्रामाणिकता, ईमानदारी, सच्चाई और नैतिकता कार्य कर रही थी। खरी-खरी सुनाने का अद्भुत साहस कोई खरी अनुभूति वाला व्यक्ति ही कर सकता है। कबीर अशिक्षित थे सहज, सरल सबके लिए सुलभ थे। उन्होंने जिंदगी की पोथी को खुली आंखों से पढ़ा था। वे प्रेम के एक अक्षर को पढ़कर ही पंडित हो गए थे। उनकी भक्ति में ज्ञान योग और प्रेम का अद्भुत समन्वय है। ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं और गुरु के बिना ज्ञान नहीं। कबीर स्वामी रामानंद से गुरु दीक्षा के अभिलाषी थे किंतु शास्त्रानुसार जुलाहे कबीर पात्र नहीं थे। स्वामी रामानंद ने विवशता बताई और कबीर के स्पर्श के कारण दुबारा गंगा स्नान करने को कहा। तब कबीर ने टूटे हुए हृदय से कहा ₹आपकी पवित्रता मुझे पावन न बना सकी किंतु मेरी अपावनता ने आपको पुनः स्नान के लिए बाध्य कर दिया। सुना था देवता के स्पर्श से पापी तक पावन हो जाते हैं किंतु आज एक देवता मनुष्य को छूकर अपावन हो गया।₹ स्वामी रामानंद ने कबीर के कथन में निहित सत्य को अनुभूत किया और बाद मे कबीर को अपने आश्रम ले आए। कबीर ने सदैव शारीरिक श्रम की महत्ता को स्वीकार किया और आजीवन जुलाहे कर्म का निष्ठा से पालन किया।

लेखक, मोटिवेशनल स्पीकर एवं पूर्व आईएएस हैं।

आडम्बर के घोर विरोधी थे संत कबीर

मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास जी ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया। मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 22 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन् 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे। उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीरदास ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है? संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ! दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहे अनुसार लालटेन जला कर ले आई। वह आदमी भौंचक्का-सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनटों के बाद कबीरदास ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ये संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। लेकिन कबीरदास ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है? उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंगवाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवतः घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है।

Social Media Corner

सच के हक में...

देश के मूर्धन्य विद्वान और साङ्गवेद विद्यालय के यजुर्वेदाध्यापक लक्ष्मीकान्त दीक्षित जी के निधन का दुःखद समाचार मिला। दीक्षित जी काशी की विद्वत परंपरा के यशपुरुष थे। काशी विश्वनाथ धाम और राम मंदिर के लोकार्पण पर्व पर मुझे उनका सान्निध्य मिला। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से राज्य की 9 लाख से अधिक बेटियों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। अब बेटियां आगे बढ़ रही हैं, अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं, अपना भविष्य उज्ज्वल बना रही हैं। शक्ति सम्मान और स्वाभिमान का उदाहरण है सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना।

(पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)

माज में व्याप्त आडंबर के खिलाफ जनमानस को तैयार करने वाले संत कबीर दास जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

चीन के खिलाफ आक्रामक विदेश नीति जरूरी

शठे शाठ्यं समाचरेत अर्थात दुष्ट के साथ दुष्टता का ही व्यवहार करना चाहिए। यह नीति भारत को अपने पड़ोसी व साम्राज्यवादी देश चीन के बारे में अपनानी चाहिए। चीन कभी भारत का विश्वसनीय पड़ोसी नहीं रहा है। नेहरू काल के दौरान चीन हिंदी चीनी भाई भाई का नारा देकर 1962 में भारत के साथ विश्वासघात भला कौन भूल सकता है। भारत की सीमा पर घुसपैठ अथवा जमीन पर कब्जा करना चीन की फितरत में रहा है। भारत की लगातार चेतावनी के बावजूद वह एलएसी का न केवल उल्लंघन करता रहा है बल्कि अरुणाचल प्रदेश पर दावा करता रहा है। इसके लिए उसने साम, दाम, दंड, भेद की नीति का पालन किया। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में हाल ही में रियासी में श्रद्धालुओं की बस पर हमला किया गया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में लगातार हमले बढ़े हैं। इसके पीछे भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इन हमलों में पाकिस्तान और चीन की संयुक्त साजिश नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 4 से 8 जून के बीच कई दौर की लंबी-लंबी बैठकें की थीं। इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने कश्मीर पर चर्चा की। दोनों की मुलाकात के बाद ही जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले भी बढ़े हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियों को इसमें पाकिस्तान और चीन की साजिश दिख रही है। भारत ने लगभग 60 हजार राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों को इस्टर्न लद्दाख में विभिन्न स्थानों पर तैनात किया है। एलएसी पर भारतीय सेना की भारी संख्या में तैनाती से चीन बौखलाया जरूर है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, सेना का ध्यान भटकाने के लिए जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी वारदात बढ़ाई जा रही है। हालांकि भारत के कड़े रुख के चलते चीन अपनी मंशा में सफल नहीं हो पाया, लेकिन इसी वर्ष जिस तरीके से उसने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने के लिए इस राज्य में एलएसी के पास 30 स्थानों के नाम बदल दिए, वह अत्यंत चिंताजनक है। भारत ने भी उस पर जवाबी कार्यवाही करते हुए तिब्बत के 30 स्थानों के नाम बदलने की तैयारी कर ली है। भारत इन नामों कभी भी सूची जारी कर सकता है। भारत का मानना है कि ऐसा करने से चीन को उसी की भाषा में जवाब दिया जा सकेगा। सवाल यह है कि क्या ऐसा करने से चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना अधिकार जताना बंद कर देगा? क्या जो वह भारतीय सीमा पर लगातार घुसपैठ करता है, उसे बंद कर देगा? शायद चीन को इससे बहुत अधिक फर्क नहीं पड़ेगा। अगर चीन को सही मायने में जवाब देना है तो तिब्बत के महज नाम बदलने से बात नहीं बनेगी। उसको अधिक आक्रामक तरीके से जवाब देना पड़ेगा। चीन इससे पहले भी ऐसे ही नाम बदलने का काम वर्ष 2017, 2021 और 2023 में कर चुका है । भारत ने पहले भी इसका विरोध किया और यह कहता रहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। इसके लिए भारत को और अधिक सख्त कदम उठाना चाहिए। अब केंद्र में एक बार फिर मोदी के नेतृत्व में सरकार है और अरुणाचल प्रदेश में भी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बन चुकी है। ऐसी स्थिति में भारत को अपनी विदेश नीति को अधिक आक्रामक बनाने की आवश्यकता है। वास्तविकता यह है कि तिब्बत को चीन अपने देश का हिस्सा मानता है। चीन अपने मैप में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता रहता है। यह बात सही है कि अब मोदी सरकार चीनी मानचित्रण और नामकरण करने के मामले में अपना रुख बदलने को तैयार है। लेकिन अब भारत सरकार को आगे बढ़ते हुए चीन को ठीक तरह से जवाब देना चाहिए। जिस तरह से चीन अरुणाचल को अपने देश का हिस्सा मानता है, भारत को तिब्बत को एक आटोनॉमस देश का दर्जा देना चाहिए।

फिर भटकता कनाडा

कनाडा में बढ़ते भारत विरोधी अलगाववाद की जितनी निंदा की जाए, कम होगी। भारत सरकार ने उचित ही कनाडा सरकार से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। फिर एक बार खून-खराबे को लालायित चंद खालिस्तानी चरमपंथियों ने तथाकथित नागरिक अदालत आयोजित की है और वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर प्रधानमंत्री का पुतला जलाया है, तो कतई हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठा जा सकता। भारत ने कनाडाई उच्चायोग को बाकायदे एक राजनयिक नोट जारी करते हुए अलगाववादी तत्वों की ताजा हरकतों पर अपनी गंभीर आपत्ति जताई है। कनाडा में भारत विरोध को जिस तरह से भड़काने की लगातार साजिशें हो रही हैं, उसमें कहीं न कहीं उस देश की मुख्यधारा की राजनीति का हल्कापन जिम्मेदार है, तभी तो घोषित आतंकी निज्जर को वहां की संसद में मौन श्रद्धांजलि दी गई है। यह वही निज्जर है, जिस पर भारत में हत्या का आरोप था, जो मोस्ट वांटेड आतंकियों की सूची में शामिल था। उसकी मौत पर कनाडा में आंसू बहाने वालों की जमात निरंतर उग्र होती जा रही है, तो भारत सरकार को कुछ ज्यादा ही सचेत रहना चाहिए। अब यह बात कतई छिपी नहीं है कि जस्टिन ट्रूडो की सरकार अलगाववादियों को खूनी खिलवाड़ का मौका दे रही है। लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अलगाववाद के प्रति नरमी खुद कनाडा के समाज पर भारी पड़ेगी। अलगाववाद का समर्थक पाकिस्तान आज किस मुकाम पर है, यह हर कोई देख रहा है। बेशक, दोनों देशों के बीच मुख्य मुद्दा कनाडा सरकार द्वारा अपनी धरती पर सक्रिय हिंसक तत्वों को छूट देने का है। दरअसल, कनाडा अपने ही इतिहास को भूल गया है। साल 1985 में 25 जून को मॉंट्रियल से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को कनाडाई सिख आतंकियों ने बम विस्फोट से उड़ा दिया था। जमीन से 31,000 फीट ऊपर बम विस्फोट हुआ था, जिसमें 268 कनाडाई, 27 ब्रिटिश व 24 भारतीय मारे गए थे।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Service before self makes a difference

OUR Prime Minister, who is easily the most popular individual in the country even after the setback his party suffered in the Lok Sabha elections, often advocates a positive approach to men and matters. In this article, I shall attempt to do just that.Before the elections were announced, a serving member of the IPS, Haryana DGP Shatrujeet Kapur, sent me the manuscript of his book. He wanted me to read it and send my comments, part of which he intended to use in the blurb of the yet-to-be-published book, titled Wired for Success. But the book is not about his experiences in the police but about his three-year stint as the Chairman and Managing Director of two Haryana power distribution companies, a job traditionally handled by IAS officers.

There are numerous lessons in the book for those in high offices in the administration and the police. I dare say that the corporate world would also benefit since management principles were fully in play during Shatrujeet's tenure.

He is a product of the IIT, like many IAS and IPS officers in the past few decades. He was identified by a discerning Chief Minister as a man of integrity, competence and dedication to the job at hand. There are many such men and women in the IAS and the IPS, but politicians whose only goal is power often overlook them for more 'committed' officers who are willing to help them further their political careers, something that Sardar Patel had warned against.Officers with a conscience should not lose heart when they are overlooked for crucial appointments and preference is given to 'committed' officers. A time comes when sycophancy does not work. Those in power then go looking for the honest and the competent to sort out the mess. Then those whose commitment is not to their political masters but to the people at large are in demand.

I was delighted to learn from Shatrujeet's book that then Chief Minister Manohar Lal Khattar had put the people's interests above his own. PM Narendra Modi has included him in the Union Cabinet. This is a wise choice.Both power distribution companies had been reporting massive financial losses year after year. The debts incurred by them had hit the roof, forcing the state Finance Minister to "tear out his hair" and the people to bear larger tariff costs, irregular electric supply and frequent breakdowns.

The IAS fraternity was not happy when the job was entrusted to an IPS colleague. They demonstrated their displeasure in myriad ways, which are listed in the book, but the CM stood firm. Rivalry and jealousy are normal human failings. Wise officers should shun such feelings and tendencies. Politicians take advantage of officers' rivalries to perpetuate their hold on power. The people, for whose betterment both politicians and government officials are supposed to work, do not care to know who is senior to whom. They are interested in work being done. They instinctively know which officer is working for their welfare and who is working to satisfy his own ego or, more often, for his financial prosperity.When he took over the reins of the discoms, Shatrujeet met his entire staff, including workers on the ground, during his tours. He clearly spelt out his priorities and methods to achieve goals to each of them. He listened to those who offered sage advice, their ranks notwithstanding. He took over the entire gamut of promotions and transfers, the main cause of dissatisfaction in all government services. Those who performed and met goals were rewarded with cutting-edge postings that mattered. A whole army of favoured ones revelling in political or other patronage, who managed their postings as a matter of entitlement, were left out in the cold.The principles of participative management and just and impartial treatment in the matter of rewards and punishments got every employee, big or small, on board. They began working as a team, a goal which all good leaders strive for.It was clear to me that the two discoms were turned round from loss-making to profit-making companies because of the quality of leadership introduced into managing them by Shatrujeet. I felt a surge of pride that a serving member of my tribe had succeeded where the marginally more brainy lot had failed. Personal integrity and a solid value system proved crucial for success.

The many lows of India's higher education system

The absence of knowledge creation seems to be having a cascading effect across the entire realm of education in India.

TODAY, a college/university degree is a primary requirement for most well-paying professions. Some might even say that a degree is also good for one's izzat (honour), much like a permanent sarkari naukri. Little wonder that anyone with a modicum of desire and opportunity makes an effort to get a degree.

Yet, in India, despite so many young ones eager to acquire a degree and willing to pay for it, we have neither been able to create infrastructure to educate them nor succeeded in ensuring that the existing infrastructure has quality.

All that we have been able to do successfully is to increase the stress on young Indians by subjecting them to unnecessary and seemingly unfair screening tests of the sort that the National Testing Agency is currently administering. The only object of those tests is to reject aspirants who have already been tested by a school board or a university.Often, students going abroad is linked to the lack of job opportunities in India. That would be a misunderstanding of the problem. The malady is deep-rooted.Few realise that Indians spend six to nine times the size of the Union Budget on higher education to study abroad. At the last count, the Ministry of External Affairs reported that there were over 1.5 million Indians studying abroad. With each of them spending at least

Rs 20 lakh annually on tuition fee and living expenses, the total money taken out of India merely to study abroad each year amounts to at least Rs 3 lakh crore. It could be as high as Rs 4.5 lakh crore if we make a more realistic estimate of what these students actually spend. In contrast, the allocation for higher education in the Interim Budget of 2024-25 wasThis is a drain of wealth which we have allowed by creating a misshapen system of higher education. Even this system yields considerable results for those who stick to it. Even this bit of higher education that is imparted in India leads to a considerable jump in the earning capacity for those who partake of it. So much so that despite not earning anything while studying, those with educational qualifications earn far more over a lifetime than those without.Using the Periodic Labour Force Survey data for 2022-23, it is estimated that the cumulative earnings of a person who invests four years in college education after completing higher secondary education would be more than that of someone who was merely HSC (higher secondary certificate)-qualified, by the ninth year. This would translate into something as follows: overall, a graduate earns over Rs 26 lakh more in a lifetime as compared to someone whose highest qualification was higher secondary; for the postgraduate, it turns out that earnings over a lifetime would be more than Rs 54 lakh as compared to someone with HSC as the highest qualification; for a PhD holder, this difference is even greater at Rs 69 lakh over a lifetime.

However, and this is an interesting bit of detail that has often been ignored, even this educational qualification is not sufficient for Indians to get a job abroad. It may get them a visa for further studies in Canada, the US, UK or Australia — the four preferred destinations for Indian youth — but not a job. For that, they have to invest anything from Rs 20 lakh to Rs 40 lakh per annum for at least two years.Essentially, a degree from India is useless outside the country. Most Indian institutions, too, do not consider these degrees of any value beyond a basic minimum. Indians with degrees have to undertake fresh entrance examinations for entry to a higher level of education or for a job. Recruiters across the job market complain that a degree in India is not a guarantor of relevant knowledge any more.

Worse still, even in the realm of creating new knowledge, the Indian higher education sector is lacking considerably.Please do not confuse knowledge generation with the number of PhDs or the number of books and scientific papers being published. Look at the reception of research in Indian higher education institutions in the world of knowledge.The Times Higher Education Rankings is one of the hundred-odd ranking systems that have emerged in the past two decades. One of the metrics that it reports is 'research quality'. This includes a combination of citation impact, research strength, research excellence and research influence examined over the past five years. On this metric, the top 50 universities of the world have a score of 90-plus.Among the institutions of higher education in India, only the IISc (Indian Institute of Science) features in this decile with a score of 96. This is a small institution with less than 10,000 students.The next set of institutions, including Jamia Millia Islamia, IIT-Patna, IIIT Hyderabad, Jamia Hamdard, NIT-Silchar, Delhi Technological University and Anna University – have scores in the 70s. After these come Panjab University (67.9), Mahatma Gandhi University (62.3), Alagappa University (64.8), Aligarh Muslim University (61.6) and Banaras Hindu University (66.4).Jawaharlal Nehru University, which is presumed to be among the top universities of the country, scored a dismal 51.4, while Manipal University, one of the few private universities to feature in the rankings, has a score of 46. Other universities of India have far worse scores

The absence of knowledge creation seems to be having a cascading effect across the entire realm of education in India.

Pariksha pe charcha

UGC-NET cancellation a huge letdown

THE cancellation of the University Grants Commission-National Eligibility Test (UGC-NET) examination a day after it was conducted comes as a huge embarrassment for the Centre and a big letdown for the over nine lakh candidates. The shock cancellation has been attributed to inputs that the integrity of the examination may have been compromised. One reason for the swift action could be to avoid a repeat of the raging controversy over the alleged irregularities in the NEET-UG examination. After this, a sense of betrayal in the public consciousness is inevitable. After the twin botch-ups in quick succession, the National Testing Agency (NTA) finds itself in a worsening crisis of credibility. The Central Bureau of Investigation has been tasked with conducting the probe. This reflects the seriousness being attached to the matter, but the damage has already been done.

The NTA has been holding the UGC-NET examination in a computer-based format since 2018. It had gone back to the pen-and-paper version this year. The Education Minister has spoken of setting up a high-level committee to recommend an overhaul of the examination processes. Wide-ranging discussions among domain experts — 'pariksha pe charcha' in its true sense — would be expected. Unilateral imposition of new guidelines and patterns may not be a pragmatic solution when faced with a trust deficit.Conducted twice a year, UGC-NET is the first such examination to be scrapped after the Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act was passed in February. This law provides for three to five years in prison and a fine of up to Rs 10 lakh for resorting to unfair means. It will take time to gauge how effective the legislation proves to be as a deterrent. Cancellation can take a heavy toll on the mental and emotional wellbeing of candidates. A zero-error system has to be the end goal.

China's moves Down Under have strategic lessons

It is the competition for Australia's rare earths, which are important for electric vehicles and renewable energy, which draws the most Chinese interest.

EVEN as a US Congressional delegation has riled China by meeting the Dalai Lama in Dharamsala, Australia and New Zealand are engaging with Beijing on the trade front.Chinese Premier Li Qiang visited New Zealand last week and Australia earlier this week. Then Premier Li Keqiang had toured Australia in 2017. The prospect of Australia's re-engagement with China has been evident since 2022, when the Labour government was re-elected. PM Anthony Albanese visited Beijing in November last year to unfreeze the relationship. Evidently, China's economic strictures were hurting Australia.China had taken umbrage at Australia seeking an inquiry into the origin of the Covid-19 pandemic. Thereafter, Australia adopted a more strategic approach to China, expressing concern over covert foreign interference in Australian politics, excluding Chinese telecommunications companies like Huawei from the 5G network and the recent clashes between naval ships in the South China Sea and the Yellow Sea.With New Zealand, the strategic concerns are less direct. Both Australia and New Zealand feel the heat of the Chinese challenge in the South Pacific.During Li Qiang's visit, both countries sought to manage their differences with China, revive economic ties and draw benefits from more trade and investment while nudging compliance with their strategic priorities.

New Zealand was the first Western country to have a free trade agreement with China since 2008. It was the first to recognise China as a market economy and sign an agreement under the Belt and Road Initiative. China is its largest export destination for milk and agricultural products. New Zealand has a bilateral trade of $23 billion which, though not large, is significant for it. The Australia-China trade is to the tune of $216 billion. Australia, China and New Zealand are all part of the Regional Comprehensive Economic Partnership. And now, China is wooing them to enter into the Comprehensive and Progressive Agreement for Trans-Pacific Partnership.New Zealand PM Christopher Luxon aims to balance the relationship from a focus on economic opportunity to greater resilience and de-risking. New Zealand is painfully aware of cyberattacks on its Parliament website, but it cannot ignore its essential focus on trade. Since January this year, New Zealand dairy products have entered China free of duties and quotas.

New Zealand also benefits from the footfall of Chinese tourists. In April this year, 10 per cent of the 2,25,000 tourists in New Zealand were Chinese, ranking second behind those from the neighbouring Australia, which saw 5,35,000 Chinese tourists in 2023. China, in a classic case of 'relaxed coercion' diplomacy, promises to include New Zealand among the countries for which visa exemptions would be granted. In return, New Zealand would be more flexible in granting visas for the Chinese.Australia is by far the bigger catch for China, which has been its single largest trading partner for both exports and imports since 2009. In 2023, their trade increased by 4 per cent. Australian investment in China grew by 11.7 per cent over 2022. The number of Australian companies in China has increased by 40 per cent. In April, Australia concluded its anti-dumping measures against Chinese windmill towers after it lost its case in the World Trade Organisation against Chinese steel products. China reduced its anti-dumping measures on Australian wine and barley and lifted restrictions on many Australian exporters of beef and lamb.Australian analysts struggle to justify this, saying, "How do you cut off your biggest customer? Will Australian friends make up for the lost income and investment?" Australia China Business Council president David Olsson expects China's ban on Australian seafood to be lifted as well and hopes for better mutual grant of visas. In return, China wants its foreign direct investment in Australia to face lesser scrutiny.Australia is China's top supplier of iron ore. But it is the competition for Australia's rare earths, which are important for electric vehicles and renewable energy, which draws the most Chinese interest.



China already has investments in lithium factories in Australia, but subsequent efforts have been thwarted as Australia took a more strategic view.

At present, critical minerals and rare earths are the focus of the new great game, and everybody is seeking these from known sources. Some African countries have got significant Chinese, and now Korean, interest. Australia, a Quad member, should be working with the US, Japan and India for greater collaboration on this front. The idea that Japanese technology, Australian rare earths and Indian manufacturing could come together under a Quad initiative facilitated by the India-Australia-Japan Supply Chain Resilience Initiative is attractive but nascent.

With Australia's rare earths at the core, the prospect of engaging it more robustly by non-Chinese partners emerges from Canberra's more determined partnership with Quad. It was also pushed by the Chinese trade restrictions, which were curtailing Australian economic activity.When India and Australia signed the Comprehensive Economic Cooperation Agreement in 2022, it was evidently a strategic effort to create complementarities. What will happen to these slow efforts, given the revival of Australia's China trade and economic partnership? At the time of Quad 1.0, it was the Australian turnabout on China that slowed down Quad. What about Quad 2.0? Will Australian interest in it diminish?Australian statements seem to indicate that they know what they are doing. They are cognisant of their responsibilities to the Quad and AUKUS (the alliance between Australia, UK and US), which will augment their nuclear submarine capacity, whose target is the Chinese.The Aussie-Kiwi tie-up with China does not draw strategic lessons from what China is doing in the East Asia Sea with Japan, in the South China Sea (particularly with the Philippines), and with India in the Indian Ocean Region.The trade-first approach of Australia, therefore, needs cautious understanding. While India is aware that since the Covid-19 pandemic, all its Quad partners and ASEAN have all done record-breaking trade with China, it is Beijing's diplomatic manoeuvring to reduce economic pressures on individual partners that should worry the others.

FMCG Sales Growth In Rural Areas To Outstrip Urban Markets: Report

Populist measures expected by some states which are going to face elections this year are also expected to drive up rural demand, the report added.

New Delhi. New Delhi: Rural India has bounced back as a buyer of fast-moving consumer goods (FMCG) such as soaps and soft drinks and sales of these goods are expected to expand at a faster pace than urban areas in the second quarter of 2024, according to a report by consulting firm Kantar.The report states that the rural market is a "bright star," recording a "resurgence" in 2024 and is expected to further consolidate its position in the April-June quarter of the year. This growth in the rural areas has been fuelled by region-centric measures announced by the government in the interim budget earlier this year, which provided stability.

Populist measures expected by some states which are going to face elections this year are also expected to drive up rural demand, the report added. "The start to 2024 from a rural perspective has been brilliant, with rural growth overtaking urban's; and the rural worm is looking upward," according to the Kantar FMCG pulse report for Q2.

The report also states that the urban market did not record growth for three straight quarters, and is contending with a huge Q2 2023 base. The falling Urban curve coupled with a strong base is likely to constrict the numbers for the next quarters, the report states.According to Kantar Worldpanel Managing Director – South Asia K Ramakrishnan, for the most part of 2023, Urban has maintained strong growth numbers. "Rapid growth is unsustainable for the long term, and necessarily Urban is hitting brakes now. This has also coincided with typically Urban-centric categories such as noodles and salty snacks slowing down in growth within Urban, after continuously galloping since the pandemic," he said.

The rural market may also get a boost from the rabi crop but the exact impact of the weather is still not clear, according to the report. Normally, rural area contributes around 35 to 37 per cent of the FMCG sales. The report also highlighted that though inflation may have slowed down to acceptable levels, it still has an impact on the consumer.

Ramakrishnan said that the Indian rural market is full of potential and although has dampened the mood of the rural shopper for a time, the trends are now pointing up.

PFRDA Set To Launch New NPS Scheme With 50% Equity-Debt Mix

New Delhi: Good news is around the corner for those who invest in the National Pension Scheme (NPS). The Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) has been preparing to introduce a new version of the National Pension Scheme (NPS), making it very attractive to investors. This new version of the National Pensions Scheme (NPS) will allow investors to retain 50 per cent of their investment in equity funds until they reach 45. This new version of the scheme is expected to give more money to people at the time of their retirement. It will replace the existing system, where the allocation of equity funds decreases gradually starting at 35.In this new version of the National Pension Scheme (NPS), the government of India is planning to introduce a 'New Balanced Life Cycle Fund', which is expected to attract the youth as well. This new scheme will help people create a corpus until retirement. Under this new scheme proposed by PFRDA, more investment amounts can be allocated to equity funds for a long time. The proposed scheme will increase the investment in equity by ten more years, to get more returns from the market.

